रांची, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024
संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण सात- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 76 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ जीवनदायिनी दवाओं का असर 'इसलिए' हो रहा बेअसर
सलमान-रश्मिका ने पूरी की दो धमाकेदार गानों की शूटिंग ◂◂ 6

ADMISSION OPEN 2025-26
Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.
Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)
www.jkinternationalschool.co.in
7369017904, 7369017912
AFFILIATION NO.: 3430373
SCHOOL NO.: 65578
Affiliated to CBSE, New Delhi
J.K. INERNATIONAL SCHOOL
(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)
We Choose Us
HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES

## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# 10 नक्सली ढेर, मिला हथियारों का जखीरा

एजेंसी

**छत्तीसगढ़ :** सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे जाने की जानकारी मिली है। सुरक्षाबलों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार बरामद किए हैं।

जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों के साथ आज सुबह में जवानों के साथ मुठभेड़ हुई थी। जवानों को सूचना मिली थी कि कई नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। डीआरजी की टीम नक्सलियों की घेराबंदी करने निकली थी। दोनों तरफ से सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई है। साथ ही कई ऑटौमैटिक हथियार भी मिले हैं।



ये मुठभेड़ कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम, भंडारपदर के जंगल-पहाड़ी में हुई है। जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से काफी देर तक गोलीबारी हुई। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने की मुठभेड़ की पुष्टि की है।

आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सुकमा में डीआरजी के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। इनसास, एके- 47, एसएलआर और कई अन्य हथियार बरामद हुए। सर्च ऑपरेशन जारी है।

बता दें कि इससे पहले दक्षिण बस्तर, गरियाबंद और कांकेर में भी सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जंगल में बीते 16 नवंबर को नक्सल-पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान पांच नक्सली मारे गए थे और शव बरामद किए गए थे। इसमें 40 लाख के इनामी नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। सभी नक्सलियों आठ-आठ लाख का इनाम घोषित था।

## अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर दूसरे दिन भी धराशायी

**नई दिल्ली:** अडाणी ग्रुप की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से आठ के शेयरों में शुक्रवार को सुबह के कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई. अरबपति गौतम अडाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि वे सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारत के सरकारी अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने की योजना में हिस्सा शामिल थे. इस आरोप के बाद पिछले दो दिनों से अडाणी ग्रुप के कंपनियों के शेयरों में गिरावट आ रही है. गुरुवार को भी अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई थी। शुक्रवार को बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी 10.95% और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 8.57% लुढ़ककर 52 सप्ताह के निचले स्तर 637.85 रुपये पर आ गए. अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6.98% लुढ़ककर 52 सप्ताह के निचले स्तर 2,030 रुपये पर आ गया.

## काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई और मस्जिद प्रबंधन को जारी किया नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने यह आदेश हिंदू याचिकाकर्ताओं की याचिका पर दिया है। उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद के 'वजूखाना' क्षेत्र का सर्वेक्षण एएसआई से कराने की मांग की है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग मिला था। सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

मामले पर वकील वरुण कुमार सिन्हा ने कहा,ज्ञानवापी मामला सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध था। एक आवेदन दायर किया गया था कि वाराणसी जिला न्यायालय के सभी मुकदमों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया जाए और उन्हें समेकित कर दिया जाए, ताकि सभी सुनवाई एक ही अदालत में हो। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 19 दिसंबर तक स्थगित किया है। उन्होंने कहा, ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा और सुनवाई शुरू करने की तारीख तय की जाएगी।



सील किए गए क्षेत्र की एएसआई जांच की मांग वाले अंतरिम आवेदनों को आज के लिए सूचीबद्ध किया गया था। 16 मई, 2022 को हमने दावा किया था कि तथाकथित 'वजूखाना' क्षेत्र में एक शिवलिंग पाया गया था। अंजुमन इंतजामिया इसको खारिज करती है और कहती है कि यह एक फव्वारा है। हमने इस क्षेत्र की एएसआई जांच की मांग की थी और हमने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसे आज के लिए सूचीबद्ध किया गया था। उस पर ही सुप्रीम कोर्ट ने आज अंजुमन इंतजामिया को नोटिस जारी किया है और दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

## दिल्ली में प्रदूषण से हालात चिंताजनक

# 12 साल घट गई लोगों की औसतन उम्र, रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। प्रदूषण के कारण लोगों को सिर्फ खांसी व जुकाम की ही दिक्कत नहीं आ रही, बल्कि यह दिल्ली के लोगों की औसतन उम्र भी कम कर रहा है। यह चौंकाने वाला खुलासा रिपोर्ट में हुआ है। इसकी जानकारी इंडियन चेस्ट सोसायटी के उत्तरी जोन के चेयरमैन डॉ. जीसी खिलनानी ने दी। खिलनानी ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में शिकागो में हुए एक शोध के अनुसार प्रदूषण के कारण दिल्ली में जन्मे व पले बढ़े लोगों की औसत उम्र 11.9 वर्ष तक कम हो जाती है। वहीं, देश में औसत उम्र 5.3 वर्ष कम हो जाती है। यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण बढ़ने पर पीएम 2.5 फेफड़े के निचले हिस्से तक चला जाता है। इससे फेफड़ा प्रभावित होता है। प्रदूषण फेफड़े के कैंसर का कारण भी बन रहा है। फेफड़े के कैंसर से पीड़ित करीब 40 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं जो धूमपान नहीं करते। प्रदूषण बढ़ने पर अल्ट्राफाइन पार्टिकल की निगरानी नहीं होती। चीन में प्रदूषित नियंत्रित होने से औसत उम्र बढ़ीः यह पीएम 0.1 से भी सूक्ष्म होता है और फेफड़े से होते हुए खून में पहुंच जाता है, जो शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचता है। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, यूरिनरी ट्रैक संक्रमण, डिमेंशिया, गर्भपात की समस्या इत्यादि होता है। इसके अलावा गर्भस्थ शिशुओं के विकास को प्रभावित करता है। चीन के बीजिंग में प्रदूषण नियंत्रित होने के बाद वहां औसत उम्र 2.2 वर्ष बढ़ गई।



# अविश्वसनीय : मरकर जिंदा हुआ शख्स

## शव को पहले मोर्चरी व बाद में दो घंटे तक डीप फ्रीजर में रखा गया

### मगर चिता पर पहुंचकर शख्स हो गया जिंदा

एजेंसी

**झुंझुनू :** राजस्थान के झुंझुनू में एक अविश्वसनीय घटना सामने आई है। जहां एक व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था, वह श्मशान घाट में चिता पर पहुंचकर जिंदा हो गया। इस घटना ने सभी को हैरान कर दिया है। झुंझुनू के बगड़ स्थित मां सेवा संस्थान में रहने वाले 45 वर्षीय रोहिताश नामक व्यक्ति की गुरुवार को तबीयत बिगड़ गई थी। मूक-बधिर रोहिताश को इलाज के लिए झुंझुनू के बीडीके अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखा गया और दो-ढाई घंटे तक डीप फ्रीजर में रखा गया। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



जब शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया और चिता पर रखा गया तो रोहिताश की सांसें चलने लगीं और शरीर में हरकत होने लगी। इस घटना से सभी दंग रह गए। रोहिताश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला कलेक्टर रामअवतार मीणा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और मेडिकल विभाग से रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल में डॉक्टरों की एक बैठक भी आयोजित की गई है। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मामले बहुत ही दुर्लभ होते हैं। हो सकता है कि रोहिताश को कोई मेडिकल कॉमा था या फिर किसी अन्य कारण से वह बेहोश हो गया हो। हालांकि, इस मामले की पूरी जांच की जा रही है। स्थानीय लोग इस घटना को चमत्कार मान रहे हैं। उनका कहना है कि रोहिताश के जिंदा होने से उन्हें भगवान पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

# उदयपुर सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत



एजेंसी

**उदयपुर :** राजस्थान के उदयपुर जिले में बृहस्पतिवार देर रात एक सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुखेर के थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि यह हादसा कल आधी रात के बाद अंबेरी में हुआ।

उन्होंने बताया कि यह हादसा कार और एक डंपर की आमने सामने की टक्कर के कारण हुआ। कार गलत दिशा में जा रही थी और वह सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और उसमें सवार पांच युवकों की मौत हो गई।

## इंडिया- आस्ट्रेलिया टेस्ट मैच, पहला दिन

# 150 रन पर ढेर हुई टीम इंडिया, ऑस्ट्रेलिया 38/5

एजेंसी

**पर्थ :** जॉश हेजलवुड (चार विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच में भारतीय पारी को 150 के स्कोर पर समेट दिया है।

भोजनकाल के बाद ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभल कर खेलते हुए स्कोर में अभी 12 रन जोडे थे कि मिचेल मार्श ने ध्रुव जुरेल (10) को मार्सन लाबुशन के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद 32वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर (चार) को भी मिचेल मार्श ने अपना शिकार बना लिया। एक समय भारत ने 73 रन पर अपने छह विकेट गवां दिये थे। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच सातवें विकेट के लिये 48 रनों की साझेदारी हुई है। 46वें ओवर में पैट कमिंस ने ऋषभ पंत (37) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद हर्षित राणा (सात) और कप्तान जसप्रीत बुमराह (आठ) को जॉश हेजलवुड ने अपना शिकार बनाया। भारत का दसवां विकेट नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में गिरा उन्होंने टीम के लिए सर्वाधिक (41) रन बनाये। भारत की पूरी टीम 49.4 ओवर में 150 के स्कोर पर सिमट गई।



इससे पहले आज यहां ऑप्टस स्टेडियम में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (शून्य) का विकेट गवां दिया। जायसवाल को मिचेल स्टार्क ने नेथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल, के एल राहुल के साथ संघर्ष करते दिखे। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने देवदत्त पडिक्कल (शून्य) को पेवलियन भेज दिया। पडिक्कल ने 24 गेंदे खेली और वे अपना खाता भी नहीं खोल सके। विराट कोहली (पांच) भी जॉश हेजलवुड का शिकार बने। भोजनकाल से पहले 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने के एल राहुल (26) को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त होने के समय भारत ने 25 ओवर में 51 रन पर अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट गवां कर संकट में थी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉश हेजलवुड ने चार विकेट लिये। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और मिचेल मार्श को दो-दो विकेट मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### मुकुंद नायक हुए स्वस्थ, संजय सेठ से मिले



**रांची:** झारखंड के गौरव पद्मश्री मुकुंद नायक स्वस्थ हो चुके हैं। अगले तीन सप्ताह तक डॉक्टर ने उन्हें अपनी देखरेख में रखा है। उसके बाद रांची आएंगे। गुरुवार को नई दिल्ली में इलाजरत पद्मश्री से रक्षा राज्य मंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ ने मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा। इस दौरान पद्मश्री मुकुंद नायक ने बेहतर इलाज के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह पीएम की कलाकारों के प्रति संवेदनशीलता है कि मेरे अस्वस्थ होने की खबर पाकर उन्होंने संज्ञान लिया। मेरे लिए इससे बड़ा गौरव का विषय कुछ नहीं हो सकता कि खुद देश के कला और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपनी देखरेख में मेरा उपचार करवाया। यह देश के हर कलाकार के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता है।

### झारखंड में फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : अमित सिंह मुंडा



सिल्ली : झामुमो नेता अमित सिंह मुंडा ने दावा किया कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में मंईयां सम्मान योजना,दो सौ यूनिट बिजली बिल माफ, किसानों का कर्ज माफी, दर्जनों जनकल्याणकारी योजना को लोगों ने पसंद किया, इसका फायदा चुनाव में हुआ है। कुछ मोदी मीडिया एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त दिखा रहा है ऐसा कुछ भी होने वाला है नहीं एनडीए गठबंधन के प्रत्याशीयों के पास कोई मुद्दा ही नहीं था जिसे जनता वोट करे। मुंडा ने आगे कहा रांची के सांसद संजय सेठ कहते हैं डबल इंजन की सरकार बनेगी काम होगा मैं उसने पूछना चाहता हूं आप दो बार सांसद बने आप जनता को एक काम बताएं जिसे जनता प्रभावित हो कर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट करें। सिल्ली का विकास के लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने से लेकर अनेकों आश्वासन दिए लेकिन एक काम नहीं किया। जनता भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दल आजसू पार्टी के करनी और कथनी को समझ चुकी है पूर्ण बहुमत के साथ महागठबंधन की सरकार बनेगी।

### मतगणना को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



आदित्यपुरः विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की मतगणना को लेकर गुरुवार को नियुक्त गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण एनआईटी जमशेदपुर आदित्यपुर तथा एनआरप्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला में संपन्न हुआ। बता दें कि 23 नवंबर को मतगणना काशी साहू कॉलेज सरायकेला में होनी है।

मतगणना की प्रक्रिया की विस्तार से दी गई जानकारीः आज एनआर प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला में 111 ईवीएम काउंटिंग सुपरवाइजर, 115 ईवीएम काउंटिंग असिस्टेंट, 56 पोस्टल काउंटिंग असिस्टेंट एवं 26 पोस्टल सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। जबकि एनआईटी जमशेदपुर-आदित्यपुर में 128 ईवीएम माइक्रो ऑब्जर्वर तथा 26 माइक्रो आब्जर्वर को अलग-अलग पालियों मे प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीनों से होने वाली मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना संबंधी निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों, नियमों एवं सुरक्षा के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों की शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

### बिजली तार की चपेट में आकर बच्ची झुलसी



धनबाद : निरसा प्रखंड के जोगीतोपा गांव के मैदान में गुरुवार को गोबर उठाने के दौरान हाईटेंशन बिजली के संपर्क में आने से 10 वर्षीय बच्ची खुशबू साहनी झुलस गई। स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को गंभीर अवस्था में डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि गांव के वृंदावन साहनी की पुत्री खुशबू साहनी सुबह 8 बजे गोबर उठाने के लिए मैदान गई हुई थी। वह हाथ में एक डंडा व टोकरी लिये गोबर उठा रही थी। इसी दौरान जमीन से 4 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन से मात्र चार फीट की ऊंचाई से उच्च धाराप्रवाह वाली बिजली के तार गुजरने से हमेशा भय का माहौल बना रहता है। मवेशियों को चराने वाले लोगों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राखोहरी दास की सूचना पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता गांव पहुंचीं पीड़ित परिवार व बच्ची से मिलकर हालचाल जाना। बिजली विभाग के कनीय अभियंता को फोन कर पोल व तार बदलने को कहा।

## दिल्ली वापसी से पहले बोले शिवराज सिंह चौहान

# झारखंड में बनेगी भाजपा और एनडीए की सरकार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बाबूलाल मरांडी, संगठन सचिव कर्मवीर सिंह और भाजपा पदाधिकारियों को अपने आवास पर आमंत्रित कर अनौपचारिक बैठक की और विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। शिवराज सिंह चौहान ने सभी अधिकारियों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान बीजेपी कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मचारी, लिफ्टमैन, रसोइया, भाई-बहन समेत सभी कर्मचारियों को उनकी अथक मेहनत और चुनाव में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान सभी कार्यकताओं एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभव चौहान के साथ साझा किये।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है। उन्होंने कहा, "परिवार में एक मंत्री है, एक मुख्यमंत्री है, लेकिन सभी कार्यकर्ता एक परिवार हैं जो राष्ट्र पुनरुत्थान के मिशन में लगे हुए हैं।" उन्होंने कहा कि वे झारखंड से मीठी यादें लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत राज्य है, यहाँ बहुत सारी संभावनाएँ हैं। यहां के लोगों ने उन्हें बहुत स्नेह और प्यार दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से बड़ी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। यह बड़ा अद्भुत प्रदेश है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखंड में भाजपा और एनडीए की सरकार बनेगी तथा झारखंड विकसित, सुरक्षित तथा घुसपैठियां मुक्त राज्य बनेगा।

उन्होंने कहा कि यह बहुत समृद्ध भूमि है और मुझे विश्वास है कि यहां से गरीबी दूर की जा सकती है। मैं झारखंड की जनता के प्यार के लिए उनका आभारी हूं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड का उत्थान और विकास हो। झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर पिछले पांच वर्षों में राज्य को लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूटा है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। इससे लोग निराश हो गये। कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है, कोई विकास कार्य नहीं हुआ है और बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमानों को घुसपैठ कर यहां की नागरिकता दी जा रही है। रोहिंग्याओं के नाम पर संपत्तियां बनाई जा रही हैं, जिससे जनता में गुस्सा है।

## तालाब को अपना बताने वाले व्यक्तियों का दावा झूठा निकला



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**टंडवाः** अंचल अंतर्गत बरकुटे मौजा के गोरियाडीह आहर में बड़े पैमाने पर मछली पालन किया जाता है । हरेक वर्ष की भांति भी इस वर्ष उमेश प्रसाद व विश्वनाथ साव द्वारा अपने नीजी गोरियाडीह आहर में मछली मारने वाले मल्हाह को बुलाया गया। जिसके बाद तालाब से लगभग 07 क्विंटल से भी ज्यादा मछली निकाला गया । मछली निकलते ही गांव के युवक लोग अपना-अपना निजी दावा करने लगे। लिहाजा विवाद बढ़ गया इस संबंध में उमेश प्रसाद के द्वारा टंडवा अंचलाधिकारी विजय दास को सूचना दी बयी। जिसके पश्चात उक्त तालाब पर जांच संबंधित राजस्व कर्मचारी देव रविदास पहुंचे जांचोपरांत जिसका खाता नं 08 ,प्लाट सं 183,184,133 व 135 ,कुल रकवा 02 एकड़ 10 डीं आहर बढ़न साव पिता रामसहाय साव के नाम से निकला जिसमें 02 एकड़ 09 डीसमील पर उमेश कुमार पिता भुनेश्वर साव के द्वारा मछली का बीजा डलवाकर पालन किया जाता है । इसके बाद लगभग 07 क्विंटल मछली उमेश के परिवार को सुपुर्द किया गया।

वहीं गलत दावा करने वाले राहुल कुमार,सचिन कुमार,कुलेश्वर साव,जामुन साव,शंकर कुमार,अजय कुमार,संजय साव ,सुखसागर साव,विनय साव ,गणेश साव,कुंदन साव ,बिकेन्द्र साव एवं अन्य लोगों ने बगैर मछली लिये घर गये।

मालूम हो कि वर्ष 2020 के नवंबर माह में उमेश कुमार के पहल पर टंडवा थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय के उपस्थिति में ग्यारह ग्रामीणों को मौखिक रूप से दावा करने वालों को दे दिया गया था एवं थाना प्रभारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि आगे वर्ष से अंचल के द्वारा तालाब मालिक राजस्व प्रतिवेदन बना लेंगे ।जिसे बाद में ग्रामीणों ने गलती से अपना हक व अधिकार समझने लगें।

## मत्स्य कृषकों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए विभागीय प्रयास जरूरी : मुख्य सचिव

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड के स्टॉल का अवलोकन



**रांची/ नई दिल्ली:** नयी दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 15 दिवसीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आइआइटीएफ-2024) के झारखंड पवेलियन में मत्स्य निदेशालय का स्टॉल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर प्रदर्शित केज कल्चर से मत्स्य पालन व जलाशयों में मोती की खेती की विधि से लोग अवगत हो रहे हैं। मत्स्य निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक अब तक हजारों की संख्या में लोग मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। गुरुवार को राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने झारखंड में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में किये जा रहे हैं कार्यों की जानकारी हासिल की। मुख्य सचिव ने मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की। श्रीमती तिवारी ने स्टॉल पर मौजूद मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मत्स्य निदेशक संजय कुमार गुप्ता, सहायक मत्स्य निदेशक (तकनीकी) रेवती हांसदा, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रजनी गुप्ता, एसपीएम दुर्गेश कुमार मिश्र, डीपीएम आशीष तिर्की व अन्य उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने रेल यात्री का छूटा बैग लौटाया

**बोकारोः** बोकारो रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के पास ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के एएसआई कुमार सत्यम ने बुकिंग ऑफिस के सामने एक नीले रंग का बैग लावारिस हालत में पड़ा हुआ पाया। एएसआई ने आसपास मौजूद यात्रियों से बैग के बारे में पूछताछ की, लेकिन किसी ने बैग के बारे में नहीं बताया। अंत में उसने बैग को अपने कब्जे में लेकर बोकारो रेलवे स्टेशन के सहायक बूथ पर जमा कर दिया। बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे माराफारी की झोपड़ कॉलोनी निवासी दीपक कुमार आरपीएफ सहायता केंद्र पर पहुंचा और अपने खोए बैग के बारे में जानकारी दी। बताया कि वह ट्रेन संख्या 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस से अपनी मां के साथ पिरो से बोकारो तक सफर कर रहा था। बोकारो स्टेशन पर उतरने के बाद वह अपना बैग बुकिंग ऑफिस के सामने भूलकर चला गया। आरपीएफ द्वारा समान का उचित सत्यापन व पहचान के बाद उसे सौंप दिया। यात्री ने बताया कि बैग की कीमत करीब 5000 रुपये है। उसने आरपीएफ के प्रति आभार जताया।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि एनइपी के सेमेस्टर का रिजल्ट निकालने वाला पहला विभाग बना कॉमर्स




### बीकॉम सेमेस्टर-01 का रिजल्ट हुआ जारी, एनइपी 2023-27 सत्र का पहला रिजल्ट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में नयी शिक्षा नीति (एनइपी) के अंतर्गत स्नातक के दो बैच का संचालन किया जा रहा है। इसमें पहली बार एनइपी के पहले सत्र 2023-27 के सभी विषयों के सेमेस्टर-01 की परीक्षा आयोजित की गयी थी। लेकिन कॉमर्स विभाग सेमेस्टर-01 का रिजल्ट जारी करने वाला पहला विभाग बना। विभाग की ओर से बीकॉम सेमेस्टर-01 की परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया है। विवि में 50 से अधिक रेगुलर व वोकेशनल स्तर के स्नातक विषयों की पढ़ाई होती है। सभी विषयों की नयी शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर-01 की परीक्षा आयोजित की गयी थी। लेकिन कॉमर्स की ओर से सबसे पहले रिजल्ट जारी किया। इस परीक्षा में कुल 569 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें 426 पास हुए और 143 विद्यार्थी प्रमोटेड हुए हैं। विभाग की ओर से सही समय पर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, जिसके बाद सबसे पहले रिजल्ट जारी किया गया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में एक साल पहले पीएचडी प्रवेश परीक्षा हुई थी। इस दौरान बांग्ला विभाग में भी 39 विद्यार्थी पीएचडी प्रवेश परीक्षा में योग्य घोषित हुए थे। इसके अलावा 60 नेट व जेआरएफ उम्मीदवारों ने आवेदन दिया था। लेकिन विभाग में एक भी शिक्षक नहीं रहने के कारण सभी उम्मीदवारों का एक साल बर्बाद हो गया है। सभी इंटरव्यू के इंतजार में हैं। बांग्ला विभाग में एकमात्र शिक्षक डॉ अनिर्बान साहू हैं, जो दो वर्षों से जेपीएससी में डेपुटेशन पर हैं। मालूम हो कि बांग्ला विभाग में पीएचडी की छह सीटें हैं, जिसका फैसला इंटरव्यू के माध्यम से होना है।

# झामुमो ने जारी किया अपना एग्जिट पोल, 59 सीटें जीतने को किया दावा

**रांची :** झामुमो ने अपना एग्जिट पोल जारी किया है। इसके अनुसार, 59 सीटों पर झामुमो व सहयोगी दलों की जीत होगी। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे जारी किया और इसका नाम एग्जैक्ट पोल रखा है। एग्जिट पोल जारी करने के बाद बीजेपी ने चुटकी ली है। बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते, तब तक झामुमो ख्वाबों की दुनिया में रह सकता है। झामुमो कुछ भी दावा कर ले, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद वह हार का ठीकरा इवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है।




झामुमो महासचिव का दाव- 11 जिलों में खुलेगा बीजेपी का खाता

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का दावा है कि इंडिया गठबंधन 11 जिलों में बीजेपी का खाता नहीं खुलेगा। बाकी जिलों में भी जिसमें 22 सीटें हैं, वहां भी कड़ा संघर्ष और अनिर्णय की स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह दावा मतदाताओं के रुझान के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि जितने भी एग्जिट पोल जारी हुए हैं, उनमें एक-दो को छोड़ कर सारे प्रायोजित हैं।

वोट देने नहीं निकलते हैं शहर के लोगः सुप्रियो ने कहा कि अब साल के अंत में नयी सरकार बन कर आयेगी। उन्होंने कहा कि गांव के मुकाबले शहर में वोटिंग कम हुई है। गांव के मुकाबले शहर के लोगों की अपेक्षाएं ज्यादा रहती हैं, लेकिन जब वोट करने का समय आता है, तब वे गायब हो जाते हैं। यह चिंता का विषय है। जो बुद्धिजीवी वर्ग सबसे ज्यादा चुनाव व सरकार को लेकर चर्चा करते हैं, वे खुद ही वोट देने नहीं निकलते।

इन जगहों पर भाजपा का खाता नहीं खुलेगा : झामुमो

झामुमो ने कहा कि राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोड़ैयाहाट, बरकट्ठा, बरही, मांडू,सिमरिया, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, टुंडी, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मंझगांव, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, तमाड़, तोरपा, खिजरी, रांची, हटिया, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लातेहार, मनिका, डालटेनगंज, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा व भवनाथपुर में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा।

यहां है कड़ा संघर्षः झामुमो की ओर से बताया गया कि जरमुंडी, गोड्डा, महागामा, कोडरमा, बड़कागांव, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, धनवार, जमुआ, धनबाद, झरिया, बाघमारा, बहरागोड़ा, जमशेदपुर पूर्वी, जगन्नाथपुर, खरसावां, खूंटी, सिल्ली, कांके, लोहरदगा, पांकी व विश्रामपुर सीट पर कड़ा संघर्ष है।

क्या कहा है भाजपा नेः झारखंड प्रदेश भाजपा ने झामुमो की प्रेसवार्ता पर पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते, तब तक झामुमो ख्वाबों की दुनिया में रह सकता है। झामुमो कुछ भी दावा कर ले, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद वह हार का ठीकरा इवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई दल दस्तावेज जारी कर यह बता रहा है कि कितनी सीटों पर वह जीत दर्ज करेगा और प्रतिद्वंद्वी कितनी सीटों पर हारने वाले हैं। प्रतुल शाहदेव का कहना है कि हास्यास्पद बात यह है कि इस दस्तावेज में भी जहां भी झामुमो कड़ा मुकाबला दिखा रहा है, वह सभी कांग्रेस के हिस्से वाली सीटें हैं। यानी उन्हें अपने गठबंधन पर ही विश्वास नहीं है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो की जात का दावा सिर्फ कागज पर ही है। हकीकत में झारखंड की जनता ने झारखंड की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार को पूरी तरह खारिज कर दिया है। हेमंत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सिर्फ लूट, खसोट और भ्रष्टाचार किया है। जनता इनकी वादा खिलाफी से ऊब चुकी थी। जनता 23 नवंबर को इनको बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। एनडीए गठबंधन दो तिहाई बहुमत से जीतेगा। झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन अपने इतिहास की सबसे कम सीटों पर सिमट जायेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में सील : के रवि कुमार



**रांची :** निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गये हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय हो जाएगी। तीसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के जिम्मे होगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में कुल 68 ।95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 8.30 बजे से इवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। पहले राउंड के मतगणना का रिजल्ट 9.30 बजे संभावित है। सबसे कम 13 राउंड में काउंटिंग तोरपा की होगी। वहीं सबसे अधिक चतरा की 27 राउंड में काउंटिंग होगी। 29563 पोलिंग स्टेशन के लिए 81 काउंटिंग हॉल बनाए गए हैं। वहीं पोस्टल बैलेट की गिनती 65 हॉल में होगी, जिसके लिए 719 टेबल लगाए जा रहे हैं। पोस्टल की गिनती 4 से लेकर 20 राउंड की होगी।

### नर्सिंग कॉलेज में फ्रेशर डे का आयोजन



**रांची :** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, कन्दरी, मांडर के सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंव भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन परासर, शैक्षणिक सचिव डॉक्टर दीपाली पराशर उपस्थित थीं। साथ ही डॉ उपेंद्र उपाध्याय, प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तवा व्याख्याता, अजेला गाड़ी, गोपाल तिर्की, दिपा कौडयार, पुनम मिंज, प्रतिमा कुजूर, कृसटीना किस्कू, सुषमा कुमारी, एमडी अफरोज, चिरनजिव कुमार, प्रीतम कुमार सिन्हा, अर्पणा कुमारी, शशिभूषण, मनीषा कुमारी, तुलसी दास आदि उपस्थित थे। प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर खुद का मुल्यांकन करते रहने की सलाह दी गयी। साथ ही हमेशा बड़े सपने देखने तथा सफलता की जिद पालने की भी सलाह दी गयी। कार्यक्रम मे छात्र–छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सबका भरपुर मनोरंजन किया गया। मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर के रूप में बीएससी विद्यार्थी नेहा रागिनी कुमारी एवं नीतिन कुमार और जीएनएम विद्यार्थी बबली लकड़ा एवं अंकित जोसेफ खलखो को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनीष कुमार तथा मंनतसा परवीन के द्वारा किया गया।

### सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह



**रांची :** सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ शरद सिंह नेगी (आईएफएस) चेयरमैन, ईएसी एवं पूर्व महानिदेशक, एमओईएफसीसी अपने सम्बोधन में देश की ऊर्जा सुरक्षा एवं जरूरतों को सुनिश्चित करने के लिए सीएमपीडीआई की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई को माइन प्लानिंग एवं डिजाइन रिपोर्ट तैयार करते समय पर्यावरण मुद्दों एवं दृष्टिकोण को ध्यान में रखना चाहिए ताकि परियोजना धरातल पर जल्द साकार रूप लेगी। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने सीएमपीडीआई की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कोल इंडिया और सीएमपीडीआई की उपलब्धियों को इंगित किया।
उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई को अनुसंधान एवं विकास खर्च ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए और महत्वपूर्ण खनिजों, सौर क्षेत्र, भूमिगत कोयला गैसीकरण और सतह कोयला गैसीकरण क्षेत्र में खोज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई, कोल इंडिया की रीढ़ तो है ही इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र भी इसकी विशेषज्ञता के लिए सीएमपीडीआई की ओर देख रहा है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सीएमपीडीआई की प्रमुख उपलब्धियों में विशेष रूप से सीएमपीडीआई में नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड इनर्जी रिसर्च फेज–1 की स्थापना तथा इंडिया मोबाइल कांग्रेस–2024 में 5जी उपयोग के मामलों पर प्रकाश डाला। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं कोल इंडिया गान से हुआ। इस समारोह में सीएमपीडीआई के कर्मियों एवं क्षेत्रीय संस्थानों को उनके कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम क्षेत्रीय संस्थान का पुरस्कार सिंगरौली स्थित क्षेत्रीय संस्थान–6, सिंगरौली को प्राप्त हुआ।

# अबुआ आवास योजना के दूसरे चरण में 2.91 लाख आवास को मिली स्वीकृति

## आचार संहिता खत्म होने के बाद शुरू होगी प्रक्रिया




**मेंट्रो रेज**

**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग ने अबुआ आवास योजना के दूसरे चरण में 2.91 लाख आवास को स्वीकृति दी है। दूसरे चरण में 4.5 लाख लाभुकों को आवास देना है। आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद शेष 1.59 लाख आवास योजना की स्वीकृति दी जायेगी। इसके बाद इसके निर्माण के लिए आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

पहले चरण में दो लाख आवास बनाना तय किया गयाः अब तक पहले चरण के तहत 1.99 लाख आवास योजना को स्वीकृति दी गयी है। पहले चरण में दो लाख आवास देना तय किया गया था। इस तरह राज्य के मद से अब तक 4.90 लाख आवासों को स्वीकृति दे दी गयी है। पहले चरण के सभी आवासों पर काम जारी है। अब दूसरे चरण के आवासों पर काम होगा।

**बालू की कमी से प्रभावित होगा कामः** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इस बार 1.13 लाख आवास झारखंड को दिये गये हैं। अबुआ आवास व पीएम आवास योजना को मिला कर एक साथ करीब चार लाख आवासों पर काम शुरू होगा। वहीं, पहले से 199 लाख आवासों पर काम जारी है। यानी करीब छह लाख आवासों पर काम जारी रहेगा। इधर, बालू की कमी पूरे राज्य में है। इसका असर आवासों के निर्माण पर पड़ रहा है। अब एक साथ इतने आवासों के लिए बालू की उपलब्धता नहीं होने से काम प्रभावित होगा।

### रांची पुलिस ने की 160 लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

**रांची:** रांची पुलिस ने 160 लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है। जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी लाइसेंसी हथियारधारकों से उनके हथियार संबंधित थाना या शस्त्र विक्रेता के पास जमा करने का आदेश दिया था, लेकिन 160 लोगों ने अपने हथियार नहीं जमा किए और इसके कारण का स्पष्ट उत्तर भी नहीं दिया। रांची के डीसी ने इस मामले में निर्देश जारी किए हैं कि इन सभी लाइसेंसियों को अंतिम शोकॉज जारी किया जाए और 22 नवंबर तक उनका जवाब मांगा जाए। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो सभी हथियारों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। आपको बता दें कि यह आदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा कारणों से लिया गया था। प्रशासन ने 21 अक्टूबर तक सभी लाइसेंसी हथियारधारकों से अपने हथियार जमा करने को कहा था, लेकिन निर्धारित समय सीमा तक करीब 160 लोग हथियार जमा करने में विफल रहे।

## चेक बाउंस मामलों में संज्ञान लेने के लिए पुलिस को रिपोर्ट करने की जरूरत नहीं : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि चेक बाउंसिंग के मामले एनआइ एक्ट की धारा 142 के तहत अपराधों का संज्ञान लेने के लिए पुलिस को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं होती है और न ही अदालत को शिकायत की जांच करने के लिए पुलिस को निर्देश देने का अधिकार है। एनआइ एक्ट की धारा 142(1)(ए) के तहत चेक अनादर के लिए धारा 138 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान केवल लिखित शिकायत पर ही लिया जा सकता है। दरअसल याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप यह था कि उसने शिकायतकर्ता को 10 लाख 82 हजार 500 रुपये का चेक जारी किया था।

### खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के वजह से वह चेक बाउंस हो गया

याचिकाकर्ता के खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के वजह से वह चेक बाउंस हो गया। शिकायतकर्ता की ओर से चेक बाउंस होने के बाद कानूनी नोटिस भेजा गया, जिसके जवाब में याचिकाकर्ता ने कहा कि चेक बैंक में डालने से पहले शिकायतकर्ता को उसकी मंजूरी लेनी चाहिए थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) के तहत पुलिस को रेफर करने की मांग की, इस शिकायत को मंजूर कर लिया गया। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 467, 468, 120बी और एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया कि उनके खिलाफ जालसाजी का कोई आरोप नहीं है इसलिए प्राथमिकी रद्द होनी चाहिए। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### कल होने वाले मतगणना को लेकर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं उपायुक्त

**मेट्रो रेज**

**रांची :** विधानसभा सभा चुनाव 2024 को लेकर कल दिनांक-23 नवंबर को होने वालें मतगणना को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सभी मतगणना से जुड़े पदाधिकारी/ कर्मियों की ब्रीफिंग करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा हैं।

जानकारी हो की कल होने वालें मतगणना को लेकर ड्राई रन किया जा रहा हैं। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक, आर. गिरीश, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, एडीएम नक्सल रांची, सुदर्शन मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमरी एवं अन्य सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित हैं।

## मतगणना को लेकर कल बदली रहेगी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर रांची जिला अंतर्गत प्रथम व द्वितीय चरण में हुए मतदान की मतगणना 23 नवंबर, 2024 को कृषि उत्पादन बाजार समिति पंडरा स्थित ब्रज गृह में होना है। मतगणना के दिन विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके सहयोगी हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। चुनाव में विजय हुए प्रत्याशी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विजय जुलूस निकाली जायेगी। इसमें काफी संख्या में आम लोगों का भीड़-भाड़ एवं वाहनों की आवाजाही होगी। उक्त अवसर पर यातायाता व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ऐसी रहेगी ट्रैफिक व्यवस्थाः सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ तक छोटे मालवाहक/ऑटो/ई-रिक्शा/बस का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा। दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक रांची शहर में छोटे/बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।



सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक पिस्का मोड से पंडरा एवं काठीटांड़ की ओर जाने वाले सभी ऑटो/ ई-रिक्शा/बस पिस्का मोड से बाये मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।

तिलता रिंग रोड से पिस्का मोड की ओर आने वाले ऑटो/ई-रिक्शा/बस तिलता चौक से बाएं या दाएं मुड़कर रिंग रोड़ से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।

न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड बीच के मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश एवं बाहर जाने के लिए कम से कम करें।

जरूरत के अनुसार विजय जुलूस के दौरान अन्य मार्गों को कुछ समय के लिए डायवर्ट और बंद किया जा सकता है।

## ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी ने बरामद की शराब की बोतलें

**मेट्रो रेज**



**रांची :** रांची मंडल में आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार द्वारा ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चल रहा, उसी क्रम में कल ट्रेन संख्या 18624 हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस की ड्यूटी पर मौजूद एस्कॉर्टिंग पार्टी के इंचार्ज एएसआई आर एन यादव, आरपीएफ पोस्ट रांची साथ मे स्टाफ सुबोध कुमार साहू, उपेंद्र साव, सनी कुमार ने ट्रेन के मुरी रेलवे स्टेशन से गुजरने के बाद, र-1 कोच में 01 संदिग्ध नीले रंग का ट्रॉली बैग देखा। बैग के दावेदार का पता लगाने के प्रयास किए गए, लेकिन कोई दावेदार नहीं मिला। उसके बाद उक्त ट्रॉली बैग की जांच की गई और उसमें कुल 17 बोतल शराब मिली, अनुमानित मूल्य 12,500 रुपये आंकी गई जिसे जब्त कर लिया तथा इसके बाद जब्त की गई प्रतिबंधित वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बोकारो को सौंप दिया गया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–42 वर्ष, पहनावा–नीला रंग का टी शर्ट एवं बादामी रंग का हाफ पैंट, कमर में चेकदार गमछा बंधा हुआ, दाहिने हाथ के कलाई में लाल रंग का धगा बंधा हुआ।**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव हिन्दपीढ़ी थाना अन्तर्गत दिनांक–28.10.2024 को हरमु नाला मदरसा गली के नीचे मोती मस्जिद से बरामद किया गया। जिसके संबंध हिन्दपीढ़ी थाना यु0डी काण्ड सं0–03/2024, दिनांक–28.10.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। –9431770077
थाना प्रभारी हिन्दपीढ़ी, रॉंची। –9431706164

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 340234 Police(24-25)#D

# ठंड आते ही बिरसा जैविक उद्यान में लगाए गए हीटर जानवरों को दिए जा रहे विटामिंस व प्रोटीन डाइट

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड की राजधानी रांची में स्थित ओरमांझी प्रखंड के चकला स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान बच्चों से लेकर बड़े लोगों की पसंद हैं। उद्यान में कुल 86 प्रजाति के 1644 जानवर हैं, जिसमें स्तनधारी, सरीसृप व पक्षी शामिल हैं। ठंड का मौसम आते ही भगवान बिरसा जैविक उद्यान में उद्यान प्रबंधन ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा व ठंड से बचाव के लिए रूम हीटर, अलाव और खाने में प्रोटीन, मल्टीविटामिन और मिनिरल्स युक्त भोजन की व्यवस्था की है। उद्यान निदेशक जब्बर सिंह ने कहा कि उद्यान में रह रहे वन्य जीवों को ठंड से बचाव के लिए मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। जानवरों, पशु-पक्षियों को भोजन, स्वास्थ्य सुविधा में कमी नहीं होने दिया जायेगा। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यहां के फॉरेस्ट गार्ड शशि भूषण ने बताया कि प्रतिदिन लगभग दो हजार लोग बिरसा जैविक उद्यान में आते हैं। ये आंकड़ा शनिवार और रविवार को बढ़ जाता है। यहां के पार्कों में लोग पिकनिक मानना पसंद करते हैं।



रहने से लेकर खाने तक का रखा जा रहा ख्यालः उद्यान के डॉ ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वन्य प्राणियों को सुरक्षा के लिए जो बच्चा देनेवाली मादा प्रजाति के भालू हैं, उन्हें सेपरेट नर्सरी में रख कर एक पशुपालक को तैनात किया गया है। अलाव समेत सभी प्रकार के अनुकूल व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में ठंड को लेकर सभी के लिए जानवरों के लिए उनके अनुरूप व्यवस्था की गई है। सभी खिड़कियों व ग्रिल में जूट का पर्दा लगाया गया है। सभी जानवरों के लिए उनके आसपास 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान को बनाए रखा जाता है। पक्षियों के लिए पुआल, पीला बल्ब, जीट बोरा की व्यवस्था की गई है। उनके आहार में मल्टी विटामिन और अंडे को जोड़ा गया है। उद्यान में शुतुरमुर्ग, एमू, रंगीन मोर, सफेद मोर, तोता, मैना व कई प्रकार के तीतर प्रजाति को नियमित आहार समेत मल्टी विटामिंस व बी कंपलेक्स दिया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए बाड़ों में लकड़ी का पटरा बिछाकर उसपर पुआल बिछा दिया गया है। सभी केजों को चटाई आदि से घेर दिया गया है। वहीं मांसाहारी (कार्निवरोस) जानवरों को इंडिविजुअल सेल में रखा जाता है। बाघ, शेर तेंदुआ, भालू को रात्रि विश्राम शेड में रूम हीटर लगाया गया है। सभी के लिए लकड़ियों के अलाव की व्यवस्था की गई है। उनके सेल में पुआल की फ्लोरिंग की गई है। इसके साथ सभी को एक्सट्रीम प्रोटीन डाइट दिया जा रहा है।

उद्यान के हिमालयन भालू व देसी भालू को भी नियमित आहार दूध, केला, सेव समेत मल्टी विटामिंस, अंडा व शहद दिया जा रहा है। बाघ, शेर, तेंदुआ व अन्य मांसाहारी वन्य प्राणियों को मल्टी विटामिंस, कैल्शियम व अंडा भी दिया जा रहा है। शाकाहारी (ओमनीवोरॉस) जानवरों हिरण, नील गाय, कृष्ण मृग, चीतल, सांभर के लिए कुटी चोकर समेत ठंड से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर दिया जा रहा है। हाथी की लिए लकड़ी के अलाव से गर्मी दी जा रही है। साथ ही सरसों तेल से मालिश की जाती है। खाने में कुट्टी, चोकर, आलू, पका हुआ केला, विटामिंस, महुआ, सरसों खली, मिनिरल्स युक्त भोजन दिया जाता है। वहीं सरीसृप (रेप्टाइल्स) के लिए बोरे का पैड बनाकर रखा गया है। घड़ियाल, मगरमच्छ, मॉनिटर लिजर्ड, सभी कोल्ड ब्लडेड एनिमल हैं। इनके लिए सूर्य की रोशनी लेने के लिए बाड़ों में नाद के बाहर बालू रखा गया है। सभी जानवर दिन के समय अपने बाड़े से बाहर निकलकर धूप सेकते हैं।

दर्शकों के लिए 15 फरवरी तक सांप घर बंदः सांप घर में सांपों की सुरक्षा के लिए केविन में कंबल, गद्दा, पुआल, रूम हीटर लगाया गया है। यहां पर 19 प्रकार से सांप हैं। ठंड के मौसम में 15 नवंबर से 15 फरवरी तक तीन महीनों के लिए सांप घर को दर्शकों के लिए के लिए बंद रखा गया है। सांप घर के प्रत्येक केबिन में पीछे से रूम हीटर अंदर से पुआल का गद्दा, कंबल और पीले बल्ब की रोशनी से गर्म परछाई दी जा रही है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मुस्कान प्रवीण, उम्र–17 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–4 फीट 02 ईंच, पहनावा–काला सलवार शूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की मुस्कान प्रवीण, माता–हलीमा खातुन, पे0–स्व0 नौसाद अंसारी, सा0–टांगरबसली, थाना–माण्डर, जिला–रॉंची, जो दिनांक–26.10.2024 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में माण्डर, थाना काण्ड संख्या–136/2024, दिनांक–05.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी रॉंची। – 9431742777
थाना प्रभारी माण्डर,रॉंची। – 9431706154

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 340225 Police(24-25)D

## सुविचार

इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।

## कहते हैं ये उत्सव है

**महाराष्ट्र** विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हो गया है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव वगैरह कहने की प्रथा है, लेकिन अब यह पैसे का उत्सव बन गया है। इस चुनाव में जिस तरह सत्ताधारी दल पैसों की तूफानी बारिश करते रहे, उससे तो यही कहना पड़ेगा। ये तस्वीर हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा ने इस चुनाव में उनकी छवि खराब करने के लिए ५०० करोड़ रुपए खर्च किए। महाराष्ट्र में तो ये आंकड़ा जरूर दो हजार करोड़ के पार पहुंच गया होगा। मतदान से एक दिन पहले मुंबई, विरार-नालासोपारा, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर जैसी जगहों पर करोड़ों रुपए के खोके मिले और ये वितरण भाजपा और शिंदे के लोग कर रहे थे। पैसे की यह बरामदगी तब हुई जब मतदान में कुछ ही घंटे बाकी थे। इसका मतलब यह है कि पहले निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पैसा पहुंचा और पुलिसिया बंदोबस्त में पैसा बांटकर मतदाताओं को खरीदने की कोशिश की गई। जब महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति पर सरेआम बट्टा लगाया जा रहा था तो हमारा चुनाव आयोग सो रहा होगा। विरार इलाके के नालासोपारा में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एक होटल में पैसों से भरा बैग लेकर घुसे और पैसों का वितरण शुरू होते ही चुनाव आयोग के लोग तो वहां नहीं पहुंचे, लेकिन हितेंद्र ठाकुर की पार्टी बहुजन विकास आघाड़ी के लोग वहां पहुंच गए। चार घंटे तक तावड़े को घेरकर ह्यजामह्ल लगा दिया। तावड़े के कमरे में पैसे थे, लेकिन चुनाव आयोग ने समय पर पंचनामा कर मामला दर्ज नहीं किया। मामला दर्ज किया गया, वह भी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर। और चुनाव आयोग के नियमों को तोड़कर छोटी-छोटी बातों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विधायक ठाकुर का आरोप है कि तावड़े के पास ५ करोड़ रुपए थे, लेकिन आयोग कागज पर सिर्फ ९ लाख लेकर आया। फिर उपरोक्त मलीदा सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस, आयोग के लोगों ने किस दरवाजे का इस्तेमाल किया? शिंदे ग्रुप के विधायकों के पंद्रह करोड़ सांगोला के टोल नाके पर पकड़े गए थे, लेकिन चुनाव आयोग और पुलिस ने कुछ रकम जब्त कर बाकी रकम संबंधित को लौटाकर शिंदेगीरी का अपना कर्तव्य निभाया। सांगोला में कार और ड्राइवर सीधे विधायक के थे। फिर भी उन्हें बचाने का घटियापन किया गया। यह रहस्य है कि नालासोपारा में ह्यतावड़ेह्ल का गेम शिंदे ने किया या भाजपा के किसी और ने। क्योंकि बाद में एक फोन आया और ठाकुर मंडली तावड़े समेत उसी गाड़ी से कहीं बैठने या बात करने चले गए। लोकतंत्र में जनता को बेवकूफ बनाने के ये खेल चल रहे हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पैसा बांटा गया। पैसों का बड़ा सैलाब आ गया। इस सैलाब में कौन वैष्ठसे बह गया और कौन वफा की इंटों पर तर गया, यह तो अगले ७२ घंटों में पता चल जाएगा, लेकिन इतना तो तय है कि चुनाव अब लोकतंत्र का उत्सव नहीं, बल्कि भ्रष्ट पैसे का उत्सव बन गया है। चुनाव पर सट्टा लगाया जाता है और उस सट्टे में सैकड़ों करोड़ों का कारोबार होता है। लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब किए जाते हैं। धर्म के नाम पर गंदा प्रचार कर ऐन वक्त पर तनाव बढ़ाकर वोट के लिए ह्यबांगह्ल दी जाती है। हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार पैदा कर ह्यजिहादह्ल का मुद्दा बनाया जाता है और आपका चुनाव आयोग भाजपा का लाचार शिंदे बनकर खुली आंखों से सब देखता रहता है। लोकतंत्र देश का धर्म है। आजादी की लड़ाई उस धर्म के लिए लड़ी गई, लेकिन भाजपा और संघ के लोग घर-घर जाकर कहने लगे कि चुनाव एक धर्मयुद्ध है। लोगों के मन को प्रदूषित करने का प्रयास किया गया। महाराष्ट्र जैसे राज्य में ऐसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान के मुख्यमंत्री अपने सरकारी लाव- लश्कर के साथ महाराष्ट्र में डेरा डाले हुए हैं। यह लोकतंत्र पर एक तरह का दबाव था। देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का एक राज्य में पंद्रह-पंद्रह दिन तक डेरा डालना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। इसमें पूरे सरकारी सिस्टम का दुरुपयोग होता है। जो नहीं होना चाहिए था वह कल के चुनाव में हुआ। फिर भी महाराष्ट्र ने सावधानी से मतदान किया। लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की गई, लेकिन महाराष्ट्र में लोकतंत्र जिंदा रहेगा। महाराष्ट्र का गौरव विजयी होगा। महाराष्ट्र का स्वाभिमान पैसे के सैलाब में नहीं बहा होगा, इस बाबत हमारे मन में कोई संदेह नहीं है।

## पहले मणिपुर को सेफ बनाएं

**प्रधानमंत्री** और केंद्रीय गृहमंत्री महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार में मशगूल हैं और मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की आग भड़क उठी है। वहां का जिरीबाम जिला इस समय हिंसा का केंद्र बन गया है। पिछले हफ्ते से ही यहां हिंसा की आग भड़की हुई है। शनिवार को वहां से अपहृत एक ही परिवार की तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव मिलने से हालात और भी गरमा गए हैं। लोगों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के साथ स्वास्थ्य मंत्री रूपम रंजन के आवास पर हमला किया। इसके अलावा तीन विधायकों के घरों में आग लगा दी गई। मणिपुर पिछले डेढ़ साल से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। न तो प्रधानमंत्री और न ही केंद्रीय गृहमंत्री को महसूस होता है कि वे वहां जाकर इस आग को बुझाएं। इसलिए वहां कुछ समय के लिए शांति नजर आती है, लेकिन एक घटना के कारण कुकी और मैतेई नामक दो समुदायों के बीच धधकता हुआ ह्यलावाह्ल फूट पड़ता है और मणिपुर बार-बार हिंसा की आग में जलता रहता है। पिछले हफ्ते गुरुवार को हमलावरों ने एक आदिवासी महिला के साथ दरिंदगी की और फिर उसे जिंदा जला दिया। हमलावर इससे संतुष्ट नहीं थे। बाद में उन्होंने १७ घरों में आग लगा दी। ये भयानक हादसा जिरीबाम जिले में हुआ। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार को जिरीबाम इलाके में बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने वहां मुठभेड़ में ११ संदिग्ध आतंकियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान भी घायल हो गया। हालांकि सुरक्षा बलों की यह सफलता बड़ी है, लेकिन हम यह वैष्ठसे भूल सकते हैं कि आतंकियों ने सीआरपीएफ वैंष्ठप पर हमला किया था? अब कुकी संगठनों ने आरोप लगाया है कि यह एनकाउंटर फर्जी है। इसलिए इस एनकाउंटर को लेकर भी सवालिया निशान खड़ा हो गया है। इस मुठभेड़ के प्रतिशोध में फिर से मणिपुर में जगह-जगह पर हमले शुरू हो गए हैं। आतंकियों ने जरूरी सामान और अनाज ले जा रहे ट्रकों में आग लगा दी। महिलाओं और बच्चों को बंधक बनाया जा रहा है। शनिवार को इसी तरह अपहृत तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद किए गए। जिसके चलते लोगों ने सीधे मुख्यमंत्री आवास पर हमला बोल दिया। हालात बिगड़ने से मणिपुर के ६ पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्रों में केंद्र सरकार पर सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम ह्यअफस्पाह्ल एक्ट लागू करने की नौबत आ गई है। यह कानून जिरीबाम जिले में भी लागू होगा, जहां इस समय हिंसा भड़की हुई है। शेखी बघारते हुए यह कहने वाले कि मणिपुर से अफस्पा हटा दिया गया है केंद्र सरकार को मणिपुर में फिर से उसे लागू करने की नौबत क्यों आ गई है? मणिपुर में हिंसा ने अब तक २५० से ज्यादा निर्दोष लोगों की जान ले ली है। ७ नवंबर से १७ नवंबर तक सिर्फ दस दिनों में वहां १७ लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा की आग नए इलाकों में पैष्ठल रही है। लेकिन देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री इसे नजरअंदाज कर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार में मगन हैं। प्रधानमंत्री ह्यएक हैं तो सेफ हैंह्ल जैसे अनुचित नारे लगाते फिर रहे हैं। मोदी साहब, न केवल महाराष्ट्र और झारखंड, बल्कि यह पूरा देश एक भी है और ह्यसेफह्ल भी है। जाति-धार्मिक विभाजन से आप उसे अनसेफ बना रहे हैं।

# जीवनदायिनी दवाओं का असर 'इसलिए' हो रहा बेअसर

> दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरीयता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि

**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यह बेहद चिंतनीय है कि आज जीवनदायिनी दवाएं तेजी से बेअसर होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौर-तरीके से अनभिज्ञ होना या फिर जानबूझकर लापरवाही बरतने के साथ ही खानपान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेहसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक ओर आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दोराय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रही हैं। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पहुंचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टीरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। भारत सरकार बार-बार यह एडवाइजरी जारी करती जा



रही है कि एंटीबायोटिक दवाएं अत्यधिक आवश्यकता में ही लिखी जाएं और एंटीबायोटिक दवाएं लिखते समय मरीज को कारण और उपयोग के तरीके से अवश्य बताया जाए। इसी से हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। जहां तक यूरोपीय देशों की बात है वहां सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर होता है। दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरीयता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिशत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रेन, हार्ट आदि पर पड़ता है। इन गंभीर बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने लगा है। दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. एमसी मिश्रा का कहना है कि एंटीबायोटिक दवाओं को धडल्ले से बिना डॉक्टर की सलाह के भी सहज उपलब्धता एक प्रमुख कारण है। एएमआर के लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। इसके लिए चिकित्सक, केमिस्ट, आम आदमी और सरकार सभी कमोबेश जिम्मेदार हैं। यूरोपीय देशों व अमेरिका में बिना डॉक्टर के निदान के केमिस्ट या अन्य स्थान से दवा उपलब्ध ही नहीं हो सकती। हमारे यहां हालात विपरीत हैं। ऐसे में दवाओं के बेअसर होने के खतरे को टालने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। डॉक्टर, दवा विक्रेता, आम नागरिकों और सरकार को समन्वित प्रयास करने होंगे। आवश्यकता नहीं होने पर एंटीबायोटिक का प्रयोग नहीं करने, दवा विक्रेताओं द्वारा मौखिक रूप से मांगने पर दवा नहीं देने, आम नागरिकों को सजग और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना होगा। इसके साथ ही सरकार को भी थोड़ी सख्ती करनी ही होगी ताकि सेहत के लिए जरूरी दवाएं अपना असर खोने से बच सकें। नहीं तो हालात जिस तरह के आएंगे उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। केवल कहने से कि एंटीबायोटिक बेअसर होती जा रही है उससे कोई सकारात्मक समाधान नहीं हो सकेगा। अधिकांश लोग इन हालातों से अनजान है ऐसे में सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं को जागरुकता अभियान चलाना होगा और इस पूरे चक्र को लाइन पर लाने के लिए डॉक्टरों, दवा विक्रेताओं, सरकार और आम नागरिकों को समन्वित प्रयास करने होंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# युवा महिलाओं के लिए अमृत काल बेमिसाल

> ऊंची शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है।

**प्रियंका सौरभ**

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में बड़ा बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसद से अधिक युवा महिलाएं कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसद कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसद तक पहुंच गया है। युवतियां विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफार्म तक पहुंच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएं अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसद थी। कई युवा महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसद से बढ़कर 2022 में 18 फीसद हो गई। ये आकांक्षाएं पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएं करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएं बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है।

ऊंची शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसद की तुलना में अब 54 फीसद महिलाए बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएं पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएं शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है।

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे.उदाहरण स्थापित किए हैं। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है।

आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भगवान शंकर की समाधि भंग करने के लिए ब्रह्मा जी ने किस देवता का नाम सुझाया

भगवान शंकर को, जब यह प्रमाणिकता प्राप्त हुई कि देवी पार्वती जी ही वह शक्ति हैं, जिनसे उनका विवाह होना है। तो संसारिक जीवों की भाँति वे राग-रंग के संसाधनों में लिप्त नहीं हुए। अपितु इसके विपरीत फिर से ध्यान गहराईयों में डूब जाते हैं। यही आचरण उनका तब भी था, जब श्रीसती जी उनसे मिथ्या भाषण करती हैं, और उनका दक्ष के यज्ञ में निधन भी हो जाता है।

कहने का तात्पर्य, कि जीव को भी सदैव, ऐसे ही आचरण का निर्वाह करना चाहिए। उसके जीवन में भले ही तो उसका जीवन साथी बिछुड़े, अथवा भले ही नये जीवन साथी की प्राप्ति हो, उसे हर प्रस्थिती में प्रभु के भजन में ही लगे रहना चाहिए। तब देखिए ब्रह्माजी भी आपको विकट से विकट समस्या के समाधान के लिए याद करेंगे। ब्रह्माजी ने देवताओं को यही तो समाधान दिया था, कि अगर भगवान शंकर के वीर्य से उत्पन्न पुत्र से तारकासुर का रण होगा, तभी तारकासुर का वध संभव है। लेकिन समस्या तो यह थी, कि भगवान शंकर तो समाधि में हैं। उनकी समाधि कितने सहस्त्र वर्ष चले, कोई पता नहीं। ऐसा भी नहीं, कि उनकी समाधि को कोई भंग कर सकता था। किंतु तब भी आज के समीकरण यह थे, कि जिस समाधि की अवस्था में बड़े बड़े संत महापुरुष रहते हैं, व उसका संरक्षण करते हैं, आज वही समाधि को भंग करने की आवश्यकता आन पड़ी थी। मानव जीवन के सर्वोच्च पद ही समाधि है। इसके पश्चात तो कुछ भी पाना शेष नहीं है। केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण पृथवी के कल्याण के लिए समाधि की आवश्यक्ता होती है। कारण कि जब कोई भी समाधि की अवस्था को प्राप्त होता है, तो उस समाधिस्थ महानुभूति के सरीर से दुर्लभ व दिव्य तरंगों का विस्तार होता है। यह तरंगें संसार में होने वाले तीनों प्रकार के तापों का समाधान कर्ता होती हैं। इसीलिए कहा जाता है, कि समाधिस्थ महात्मा को कभी छेड़ना नहीं चाहिए। क्योंकि इस दुर्लभ अवस्था को कोई-कोई प्राप्त करता है। किंतु आज समीकरण ऐसे हैं, कि स्वयं विधाता ही असमंजस की स्थिति में चले गए हैं। वे नहीं चाह कर भी चाह रहे हैं, कि भगवान शंकर की समाधि भंग हो जाये। अब ऐसा निंदनीय कार्य कोई महात्मा तो करने से रहे। तो कौन है, जो यह साहस कर पायेगा। तो इसके लिए ब्रह्माजी ने देवताओं को नाम सुझाया ह्यकामदेवह्ल का। कारण कि कामदेव ही है, जो संसार में किसी सभा में शौभा नहीं पाता। जबकि हर कोई काम का दास है, किंतु जब भी किसी से सार्वजनिक स्तर पर कामदेव की बात की जाती है, तो कोई भी काम विषय पर खुलकर बात करने को राजी नहीं होता है। बात करता भी है, तो केवल उसकी बुराई ही करता है। फिर ऐसा कुकृत्य तो काम के हिस्से ही आये तो न्याय सा प्रतीत होता है। इसलिए हे देवताओ! तुम जाकर कामदेव को मनाओ- अर्थात कामदेव जब भगवान शंकर की समाधि भंग कर देगा, तब हम जाकर भोलेनाथ के चरणों में अपना सीस रख देंगे, और जबरदस्ती उन्हें विवाह के लिए मना लेंगे।

## टिप्स

### अल्जाइमर रोग होने पर सोचने-समझने की क्षमता होती है प्रभावित, वैज्ञानिकों ने ढूंढा इलाज

अल्जाइमर रोग वैश्विक स्तर पर बढ़ती एक गंभीर बीमारी है। इस दुनिया में करीब 5.5 करोड़ से ज्यादा लोग अल्जाइमर और इसकी वजह से होने वाली डिमेंशिया की बीमारी से पीड़ित हैं। वहीं आंकड़ों की मानें, तो हर साल करीब 1 करोड़ से ज्यादा लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी में मस्तिष्क का आकार सिकुड़ जाता है और कोशिकाओं में क्षति होने लगती है। अल्जाइमर की समस्या होने पर सोचने-विचारने की क्षमता प्रभावित होती है और चीजों को याद रखने में मुश्किल होती है। हालांकि इस बीमारी के लक्षणों को कम करने और इस बीमारी से बचाव के लिए कुछ दवाओं को प्रयोग में लाया जाता है। वहीं अब मस्तिष्क संबंधी इस विकार के इलाज में भारतीय वैज्ञानिकों को बड़ी कामयाबी मिली है। पुणे स्थित आघारकर अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने द्वारा अल्जाइमर रोग के इलाज के लिए नए मॉलिक्यूल विकसित किए गए हैं। दो वैज्ञानिकों ने मिलकर सिंथेटिक, कम्प्यूटेशनल और इन-विट्रो अध्ययनों के जरिए से नए अणुओं को संश्लेषित और डिजाइन किया है। विशेषज्ञों की मानें, तो यह मॉलिक्यूल नॉन टॉक्सिक हैं और इस गंभीर बीमारी के इलाज में प्रभावी हो सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जबानों, सिविल पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया बधाई



**साहिबगंज:** शहर के जाने मानें समाजसेवी सिधेश्वर मंडल ने साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल बोरियो, बरहेट विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष, ईमानदारी पूर्वक एवं शांति पूर्वक चुनाव कराने के लिए साहिबगंज निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक पुलिस पदाधिकारी और जबानों,सिविल पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दिया है।

### मतगणना से संबंधित को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न



**साहिबगंज :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी -सह- सचिव के0 रवि कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित को लेकर बैठक की।सूचना एवं विज्ञान कार्यालय मे विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित से संबंध समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी 23 नवंबर को संपन्न होने वाली मतगणना कार्य संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा , 03 -बरहेट निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02- बोरियो निवार्ची पदाधिकारी सह-अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, 01- राजमहल निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू कुमार मिश्रा, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत मास्टर ट्रेनर उपस्थित थें।

### मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर का रूप से घायल पहुंच सदर अस्पताल

**साहिबंगज :** बरहेट थाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर का रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए बरहेट अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया तो वहीं दूसरे युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मृत युवक बोरियो थाना क्षेत्र के नमस्ते रोड निवासी अनिकेत कुमार बताया जा रहा हैं। जबकि घायल युवक सकडोगढ़ निवासी राहुल भगत 19 वर्ष पिता पप्पू भगत हैं। बताया जा रहा है कि राहुल की बहन की शादी कुछ दिन बाद होनी थी। शादी का कार्ड बांटने के लिए अपने स्वजन राहुल के साथ धर्मपुर जा रहे थे । इसी बीच बरहेट रोड में किसी कारणवश बाइक का संतुलन बिगड़ गया ।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल होगा। वहीं राहुल की सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार चल रही है हालांकि डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया है ।स्वजनों ने बताया कि डॉक्टर के रेफर करने के बाद 108 एंबुलेंस के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कुछ घंटे बीत जाने के बावजूद एंबुलेंस अभी तक नहीं उपलब्ध हो पाया हैं। जबकि डॉक्टर ने यह स्पष्ट कह दिया है कि घायल की हालत बेहद गंभीर है। जल्द बेहतर इलाज की जरूरत है।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर जीत के प्रति आश्वस्त, फिर से सरकार बनाने का दावा

**गढ़वा:** झारखंड में मतदान संपन्न होने के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष सभी की नजरें अब अपने अपने क्षेत्र के वज्रगृह पर टिकी हुई हैं. क्योंकि उनकी किस्मत को क्षेत्र की जनता ने वहां रखे हुए ईवीएम में कैद कर दिया है.

23 को गिनती के बाद आने वाला परिणाम स्पष्ट कर देगा कि किसकी जीत हुई और जनता प्रदेश की कमान किसको सौंपना चाहती है. इस बार राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा की फिर से हुकूमत बनेगी या फिर एनडीए यहां अपनी सरकार बनाएगी. गढ़वा से जेएमएम प्रत्याशी और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जीत का दावा किया है. उनका सीधे तौर पर कहना है कि जहां एक ओर मै यहां से जीत हासिल करूंगा, वहीं दूसरी ओर पलामू प्रमंडल की नौ सीटों में से छह सीट महागठबंधन की झोली में आएंगी.

उधर दूसरे चरण के चुनाव में प्रचार करने के बाद प्रश्न पूछे जाने पर जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोल्हान और संथाल के साथ साथ पूरे राज्य में महागठबंधन की स्थिति काफी मजबूत है और हम हर जगह जीत हासिल करते हुए राज्य में अगली सरकार बहुमत की बनाएंगे.

कुछ एजेंसियों के द्वारा किए गए एग्जिट पोल पर उन्होंने कहा, ये सब कोई मायने नहीं रखता. इस एग्जिट पोल से जिसे खुश होना है वह खुश हो ले पर हम झारखंड की जनता पर भरोसा करतें हैं.

### गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, वोट देने के अधिकार से वंचित रखने का आरोप

गिरिडीहः नगर निगम में तैनात सफाई कर्मियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. सफाई कर्मियों का आरोप है कि उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित रखा गया. इसे लेकर गुरुवार की सुबह सफाई कर्मियों ने नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया और फिर कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी. इस दौरान सफाई कर्मियों ने नारेबाजी भी की.

इस संबंध में गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मी आकाश का कहना है कि 26 अक्टूबर को 250 सफाई कर्मियों को इलेक्शन ट्रेनिंग पर भेजा गया था. ट्रेनिंग करने के बाद सभी कर्मी वापस आ गए. बाद में सभी कर्मियों ने कहा कि वे पढ़े-लिखे नहीं हैं. ऐसे में वे लोग चुनाव कार्य नहीं कर सकते. ऐसे में सभी कर्मियों से पोलिंग बूथों की सफाई करवायी गई. साथ ही कर्मियों को बूथ पर तैनात कर दिया गया.

गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मियों का आरोप है कि जब 20 नवंबर को वे मतदान करने गए तो उन्हें कहा गया कि सभी का मत पड़ गया है. सफाई कर्मचारी आकाश का कहना है कि सभी 250 कर्मियों ने गिरिडीह के डीसी से मांग की है कि उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाए और जो भी दोषी हैं उनपर कार्रवाई की जाए. इधर, इस संबंध में नगर उप आयुक्त प्रशांत कुमार लायक ने कहा कि मतदान से वंचित रखने का आरोप गलत है. उन्होंने कहा कि कर्मियों से ऑफलाइन मतदान करवाया गया है. जो कर्मी मतदान से वंचित रह गए थे उनसे भी मतदान के दिन से पूर्व ही वोटिंग करायी गई थी.

# प्रत्याशी, समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चौक चौराहों में चल रही चर्चाओं का बाजार गर्म

### विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी किस्मत ईवीएम मशीन में कैद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** दुसरे चरण का विधानसभा चुनाव 20 नवम्बर को शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद चुनावी चर्चा भगैया, मंडरो, मिजाचौकी, बोरियो बांझी बोआरीजोर, चौक चौराहों चाय के दुकानों पर शुरू हो गई है। चुनाव में कुल 15 प्रत्याशियों ने अपना किस्मत आजमाया है ।जो अब ईवीएम मशीन में बंद हो गया। अब लोगों की निगाहें 23 नवम्बर को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं। प्रत्याशियों को जिताने का ठेका लेने वाले पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक अपने-अपने पार्टी के प्रत्याशियों के हार जीत के जोड़-घटाव में जुट गए हैं। प्रत्याशी व उनके समर्थक अपनी जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं। पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक कोई जातीय आंकड़ों के आधार पर तो कोई पार्टी की लहर की दुहाई दे रहा है। कुछ पार्टी तो आपने पुराने वोट बैंक



और कैडर के आधार पर जीत सुनिश्चित मान लिया है। प्रत्याशी समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चौक चौराहों में चल रही चचाएं का आलम यह है कि कोई भी समर्थक अपने प्रत्याशी की हार सुनने को कतई तैयार नहीं है। हालांकि चुनाव में जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। यह तो 23 नवम्बर को मतगणना प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा

महगामा विधानसभा के कार्यकर्ता चनावी अंक गणित भिड़ाने में जुटे


प्रत्येक चाय की दुकानों पर विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद विभित्र दलों के कार्यकर्ता चनावी अंक गणित भिड़ाने में जुटे हुए हैं।अंक गणित जुटाने का सबसे अच्छा माध्यम ठाकुरगंगटी, महेरमा, परासी, तेतरिया, अन्य चाय की दुकानों पर दिख्ती है.जहां विभीत्र दलों के राजनीतिक कार्यकर्ता चाय की चुस्की लेते हुए बूथों पर अपने पार्टी के पक्ष में किये गये मतदान की हिसाब जुटाने में मशगुल दिख रहें है. हर राजनीतिक दल के कार्यकर्ता किसी तरह तोड़ मरोड़ कर अपने पक्ष में गणित बैठा रहे हैं। भले ही परिणम कुछ आय लेकिन वे अपने चुनावी गणित को सही साबित करने में व्याकुल दिख रहें हैं। चाय की स्टॉलों में सुबह हो या शाम राजनीतिक दलों के कार्यकताओं का जुटान होना तय है.वे हर गांव के मतदान केंद्र की स्थिति को जाने के लिए कार्यकर्ताओ से या तो फोन पर या फिर चाय पिलाकर पूछते नजर आ रहे हैं.चाय की चुस्की का मजा भी इस अंक गाणित के खेल में तब और बढ़ जाता है। जब विपक्षी दल के लोग सीना ठोंकर कहने लगते हैं। कि इस बार चुनाव तो हमारी ही पार्टी जितेगा।

## विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न बूथों पर बड़े पैमाने पर पड़े बोगस मतदान

### निर्वाचित पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती को पत्र लिखा अभिकर्ता रामानंद साह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा के निवार्ची अभिकर्ता रामानंद साह ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निम्नांकित बूथों पर बड़े पैमाने पर किए गए बोगस मतदान करने के कारण पुर्नमतदान कराने को लेकर साहिबगंज निर्वाचित पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती को पत्र लिखा।पत्र की कॉपी मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली,राज्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची,केंद्र एवं राज्य समिति भाजपा को भी भेजा है।लिखे पत्र में रामानंद साह ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में राजमहल विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न बूथों पर बड़े पैमाने पर बोगस मतदान किया गया।आश्चर्यजनक हैं कि मतदान केन्द्र संख्या 358 एवं 359 में मतदान केंद्र में स्वयं भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा पहुंचकर और पीठासीन अधिकारी को इस प्रकार के बोगस मतदान पर आपत्ति करने के बाद कोई



कारवाई नही करते हैं।उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के मतदान केंद्र संरखा 250 में बोगस मतदान को लेकर मीडिया में सुर्खियां बनी थी।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बोगस मतदान केन्द्र संख्या 232, 233, 234, 235 236 237 238 241, 242, 246, 248, 331, 332, 333, 343, 344, 345, 346, 347, 352, 353, 354, 355, 356, 357, 358, 359 360, 361, 362, 368, 371, 373, 376, 377, 378 इसके अलावे 335,336, 339, 340, 341बूथों पर बोगस मतदान की सूचना है।उन्होंने कहा कि दिए गए सभी सूची में राज्य के बाहर से आए व्यक्तियों के द्वारा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के नाम पर बोगस मतदान कराया गया है।जो राज्य से बाहर रहते है।उन्होंने निर्वाचित पदाधिकारी से इन सभी बूथों किं जांच कर पुनर मतदान करने की मांग की है।मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री गौतम यादव मौजूद थे।

## इरफान अंसारी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

### भाजपा कार्यकर्ता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामताड़ा:** जिला के जामताड़ा थाना में चुनाव आयोग के निर्देश पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लधन का मामला दर्ज किया गया है. उन पर भाजपा महिला कार्यकर्ता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप है.

क्या है पूरा मामला

चुनाव के दौरान महागठबंधन प्रत्याशी इरफान अंसारी द्वारा सोशल मीडिया पर भाजपा की महिला कार्यकर्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग से शिकायत की. इस पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया. जिसके आधार पर जामताड़ा एफएसटी की टीम द्वारा स्थानीय थाने में वीडियो क्लिप के साथ आवेदन देकर इरफान अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लधन का



मामला दर्ज कराया है. जिसे लेकर जामताड़ा थाना में कांड संख्या 221/24 के अन्तर्गत दर्ज किया गया है.

जामताड़ा थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने दी जानकारी

जामताड़ा सदर थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोज कुमार मंडल ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एफएसटी की टीम द्वारा एक वीडियो क्लिप के साथ इरफान अंसारी के खिलाफ आवेदन दिया गया है, जिसके आधार पर जामताड़ा थाना में कांड संख्या 221 /24 अंकित कर, मामला दर्ज कर लिया गया है, जिस पर जांच की जा रही है. आपको बता दें कि इरफान अंसारी के खिलाफ यह दूसरा आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है. इससे पहले नामांकन के दौरान आचार संहिता उल्लंघन किये जाने को लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उनके खिलाफ जामताड़ा थाना में आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया.

## पलामू पुलिस ने किया इंटरस्टेट गैंग का पर्दाफाश : चार पिस्टल और गोली समेत गिरफ्तार

गढ़वाः जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. लुटेरों के इंटरस्टेट गैंग के हथियारों का जखीरा पलामू में पकड़ा गया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन देसी कट्टा और एक सिक्स राउंड पिस्टल को बरामद किया है. पिस्टल के साथ पुलिस ने गोली भी बरामद किया है. इसके साथ ही हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है.



गढ़वा जिला के नगर उंटारी के इलाके में अक्टूबर के महीने में एक बैंक लूट का प्रयास किया गया था. इस दौरान अपराधियों ने बैंक मैनेजर को गोली मारने की भी कोशिश की थी. इस दौरान फायरिंग के बाद अपराधी भाग गए थे. गढ़वा पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के गोंडा के मनकापुर के रहने वाले दिव्यांशु शुक्ला और गढ़वा के धुरकी के रहने वाले पंकज पासवान को गिरफ्तार किया था. दोनों की निशानदेही पर पलामू के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में पुलिस ने छापेमारी करते हुए तीन देसी कट्टा, सिक्स राउंड पिस्टल और तीन जिंदा गोली को बरामद किया है.

पुलिस ने हथियार को छुपाने के आरोप में लव शुक्ला नामक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है. छापेमारी में मेदिनीनगर टाउन थाना के प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, एएसआई नबी अंसारी समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल रहे.

सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि यह अपराधियों का इंटरस्टेट गिरोह है, जो लुटपाट करते हैं. इनके हथियार को बरामद किया गया है. हथियार को सिंगरा खुर्द में छुपाया गया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया. पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है और छापेमारी भी कर रही है.

### साढे तीन लाख की ठगी करने का आरोप

**साहिबंगज:** तीन लाख पचास हजार की ठगी मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस की पांच सदस्य टीम साहिबगंज पुहंची। जहां छत्तीसगढ़ पुलिस ने मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार से मुलाकात कर मामले जानकारी दी।सुत्रों के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखमलपुर गांव में किसी युवक की तलाश कर रही है उक्त युवक अकाउंट के माध्यम से साढे तीन लाख की ठगी करने का आरोप है। फिलहाल दोनों पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## गढ़वा में बैंक लूट के प्रयास में शामिल चार अपराधी गिरफ्तार, अवैध हथियार भी बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला की नगर उंटारी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने बैंक लूट के प्रयास में शामिल कुख्यात अपराधी पंकज पासवान सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किया है. इसकी पुष्टि एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने की है.

बैंक में लूट के प्रयास का मामला

एसडीपीओ ने बताया कि 23 अक्टूबर 2024 को इन अपराधियों ने नगर उंटारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव स्थित ग्रामीण बैंक को लूटने की कोशिश की थी. इस दौरान बैंक में ताबड़तोड़ फायरिंग भी की थी.साथ ही बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ मारपीट की गई थी. उसके बाद नगर उंटारी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई



थी. घटना के बाद नगर उंटारी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी दर्ज होने के एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई थी. जिसके बाद अनुसंधान प्रारंभ करते हुए पुलिस ने धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा ग्राम निवासी पंकज पासवान, नगर उंटारी थाना क्षेत्र के सिंहपुर ग्राम निवासी शिव कुमार राम, चिनिया थाना क्षेत्र के चीनिया ग्राम निवासी विनय कुमार सिंह और उतर प्रदेश के गोंडा जिला के मानिकपुर थाना क्षेत्र के बनकसिया ग्राम निवासी दिव्यांश शुक्ला उर्फ सूरज शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया.

आरोपियों ने स्वीकार किया जुर्म

एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में चारों आरोपियों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार कर ली है. उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पलामू के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा ग्राम निवासी लव शुक्ला के पास से तीन देसी कट्टा और एक पिस्टल और घटना में प्रयुक्त बाइक उतर प्रदेश के बिंड़मगंज थाना क्षेत्र से जब्त की है. उन्होंने कहा कि इस घटना में रंका एसडीपीओ रोहित कुमार सिंह और छत्तीसगढ़ के गांधीनगर पुलिस की भूमिका अहम रही.




# अब चीन में धमाल मचाएगी महाराजा, 40 हजार स्क्रीन पर रिलीज होगी विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म

**महाराजा इस साल की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसने अपनी आकर्षक कहानी और विजय सेतुपति के दमदार अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है। फिल्म की बेहतरीन ढंग से तैयार की गई पटकथा ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा, जिससे यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल करने में सफल रही। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।**

### चीन में धमाल मचाएगी फिल्म

अब निथिलन समिनाथन द्वारा निर्देशित महाराजा चीन में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। महाराजा को लेकर ताजा जानकारी यह है कि फिल्म 29 नवंबर, 2024 को देश भर में 40,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। इस महत्वाकांक्षी रोलआउट का प्रबंधन अलीबाबा पिक्चर्स के साथ साझेदारी में यी शि फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जिससे यह चीन में किसी भारतीय फिल्म की सबसे बड़ी रिलीज में से एक बन गई है। यह देखना बाकी है कि चीनी दर्शक इस सिनेमाई चमत्कार को किस तरह से पसंद करते हैं।

### विजय की 50वीं फिल्म

सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी द्वारा निर्मित और अजनीश लोकनाथ द्वारा संगीतबद्ध महाराजा विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म होने के कारण भी विशेष महत्व रखती है। अपनी सम्मोहक कथा और बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय रिलीज के साथ महाराजा वैश्विक सिनेमा परिदृश्य में एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

### फिल्म की कहानी और कलाकार

फिल्म में अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास, नट्टी (नटराज), भारतीराजा, अभिराम, सिंगमपुली, अरुलडोस, मुनीशकांत, विनोथ सागर, बॉयज मणिकंदन, कल्कि और सच्चा निमिदास सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में विजय सेतुपति ने महाराजा नाम के एक नाई की भूमिका निभाई थी। जब महाराजा (विजय सेतुपति) की पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो वह अपनी बेटी ज्योति के साथ रहते हैं। एक दिन महाराजा अचानक पुलिस स्टेशन जाते हैं। उनकी शिकायत है कि उनमें से तीन ने उन पर हमला किया और उनकी बेटी को बचाने वाली लक्ष्मी का अपहरण कर लिया।



# ...जब कीर्ति सुरेश ने छोड़ी एक बड़ी फिल्म

तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषाओं की फिल्मों में अभिनेत्री कीर्ति सुरेश लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। वह कई बड़े-बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के साथ फिल्मों में रोमांस कर चुकी हैं। कुछ सालों पहले एक बड़ी फिल्म उन्हें ऐसी भी ऑफर हुई जिसे उन्होंने ठुकरा दिया।

### साउथ अभिनेता नितिन की फिल्म ठुकरा दी

कीर्ति सुरेश फिल्मों में जब से काम कर रही हैं तब से बतौर अभिनेत्री अपने लिए कुछ नियम तय किए हुए हैं। वह बहुत अधिक ग्लैमरस रोल फिल्मों में नहीं करती हैं। वह ऐसे किरदार चुनती हैं जिसमें उन्हें अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का मौका मिले। यही कारण है कि उन्होंने अपने करियर में कई अच्छी फिल्में की और उम्दा किरदार निभाए हैं। यहां तक कि उन्होंने कुछ साल पहले अभिनेता नितिन की फिल्म माइस्ट्रो (2021) को इसलिए ठुकरा दिया था कि क्योंकि इसमें उन्हें एक लिप लॉक यानी किसिंग सीन देना था। इस फिल्म को बाद में तमन्ना भाटिया ने किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली भी थी।

### वरुण धवन के साथ करेंगी रोमांस

फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी कीर्ति खबरों में बनी हुई हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। इसमें कीर्ति और वरुण साथ नजर आएंगे। कीर्ति वरुण धवन के साथ फिल्म में रोमांस करती हुई दिखेंगी वह इसमें उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक ए. कालीस्वरन हैं। फिल्म में वरुण एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं।

### शादी को लेकर भी चर्चा में

कुछ समय पहले कीर्ति की शादी की अफवाह उड़ी थी। अब खबर आई है कि वह गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगी। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि कीर्ति सुरेश इस साल के अंत तक शादी करने वाली हैं। कीर्ति और उनके होने वाले पति पहले से एक-दूसरे को जानते हैं।

# पूजा हेगड़े ने फैंस के साथ शेयर की 'थलपति 69' की शूटिंग की झलक



अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अपकमिंग फिल्म थलपति 69 में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है।अभिनेत्री इसमें थलपति विजय के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। हाल ही में हेगड़े ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चेन्नई का एक शांत दृश्य शेयर किया। उन्होंने अपने इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, चेन्नई मॉर्निंग्स डे 16...। उन्होंने बताया कि उनके दिन की शुरुआत सुबह 6.30 बजे हुई। तमिल, तेलुगु और हिंदी सहित कई भाषाओं में अक्टूबर 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म थलपति 69 विजय की विरासत को समर्पित होगी। फिल्म का निर्देशन एच. विनोद करेंगे और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत वेंकट के. नारायण इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की शूटिंग 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा समारोह के साथ शुरू हुई। निर्माताओं ने कलाकारों और क्रू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इस कार्यक्रम में कास्ट और क्रू की टीम शामिल हुई, जिसमें थलपति विजय, बॉबी देओल और पूजा हेगड़े शामिल थे। थलपति 69 में फिल्म निर्माता-अभिनेता गौतम वासुदेव मेनन, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि, अनुभवी अभिनेता प्रकाश राज और प्रेमलु की प्रसिद्ध अभिनेत्री ममिता बैजू भी हैं। इस बीच पूजा हेगड़े इसके अलावा अपकमिंग फिल्म देवा और सूर्या 44 में भी नजर आएंगी। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित देवा में अभिनेत्री शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस साल जुलाई में फिल्म का पहला लुक जारी किया गया था, जिसमें निर्माताओं ने घोषणा की थी, देवा के रोमांचक रोमांच का अनुभव करें। यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।



# आईएफएफआई में अपना पहला लाइव प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के 55वें संस्करण में अपना पहला लाइव प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो गोवा में 20 से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है। मनुषी ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी रिहर्सल की कुछ बैकस्टेज तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी पहली बार लाइव परफॉर्मेंस की तैयारी कर रही हैं। यह उनके लिए पहली बार है जब वह किसी स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। रिहर्सल की तस्वीरों का एक सीरीज साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कमींग सून। मानुषी के फैंस को मनुषी से शानदार परफॉर्मेंस की उम्मीद है। वह कुछ हिट ट्रैकों पर परफॉर्म करने वाली हैं और अपनी विशिष्ट डांस मूव्स और आकर्षक उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद, उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं और जानने के लिए बेकरार हैं कि वह कौन से गाने पर परफॉर्म करने वाली हैं।

# शाहरुख खान ने की सीरीज की अनाउंसमेंट, 2025 में होगी रिलीज



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की अपकमिंग वेब सीरीज का ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो चुका है। शाहरुख ने खुद बेटे आर्यन की नेटफिलक्स सीरीज का ऐलान किया। इस सीरीज को गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है और इसका डायरेक्शन आर्यन खान ने किया है। नेटफिलक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट साल 2025 में ये सीरीज ला रहे हैं। शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। दरअसल, आर्यन खान इस सीरीज से डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। यह सीरीज इंडस्ट्री के बैकग्राउंड पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने अपने लॉस एंजेलिस के इवेंट में इस सीरीज और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ पार्टनरशिप की अनाउंसमेंट की। इस इवेंट में नेटफ्लिक्स के चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजारिया ने सीरीज की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ये सीरीज फिल्म इंडस्ट्री पर सेट है और इस सीरीज में एक आउटसाइडर का स्ट्रगल भी देखने को मिलेगा, जो बॉलीवुड की ग्लैमरस और मुश्किल दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करता है।



# सलमान -रश्मिका ने पूरी की दो धमाकेदार गानों की शूटिंग

**सलमान खान ईद 2025 के दौरान साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। यह फिल्म वर्तमान में हैदराबाद में मैराथन शूटिंग शेड्यूल के बीच में है, जिसमें सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, सत्यराज और शरमन जोशी हैं। लगभग 50 प्रतिशत फिल्मांकन पूरा होने के साथ टीम का लक्ष्य जनवरी 2025 तक पोस्ट प्रोडक्शन भी पूरा करना है।**

### दो डांस नंबर हुए शूट

वहीं, अब इस फिल्म के बारे में नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, साजिद नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस और संगीतकार प्रीतम ने पहले ही सिकंदर के लिए दो संभावित चार्टबस्टर ट्रैक तय कर लिए हैं। बताया गया है कि सिकंदर एक उत्सव है और सलमान, साजिद और मुरुगादॉस साफ तौर पर ईद 2025 रिलीज के लिए एक उत्साहित एल्बम के साथ आना चाहते हैं। महीने की शुरुआत में सलमान खान और रश्मिका मंदाना ने सिकंदर के लिए ईद और होली के बैकग्राउंड पर सेट दो डांस नंबर शूट किए हैं।

### चार्टबस्टर बनेंगे दोनों गाने?

आगे बताया गया कि ये दोनों ट्रैक अलग-अलग रोमांच का वादा करते हैं। इनमें से एक ईद-थीम वाली कव्वाली और दूसरा गाना होली से प्रेरित है, जिसमें प्रेम की भावनाएं दिखाई जाएंगी। दोनों गानों के तुरंत चार्टबस्टर होने की उम्मीद है, क्योंकि सेट पर हर कोई शूटिंग के दौरान थिरक रहा था। सलमान को भी लगता है कि दोनों रचनाएं प्रीतम की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में से हैं। सिकंदर की पूरी टीम एक ऐसा एल्बम बनाने को लेकर आश्वस्त है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

### दो और गानों की जल्द होगी शूटिंग

फिल्म सिर्फ इसके संगीत के बारे में नहीं है। दो बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस पहले ही फिल्माए जा चुके हैं, आने वाले हफ्तों में दो और सीक्वेंस की योजना बनाई गई है। सिकंदर के एक्शन में एक नया मोड़ है और दर्शकों को एक रोमांचक उम्मीद है। जब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म को विजुअल्स के साथ पेश करने का फैसला किया है। इन दो डांस नंबरों के अलावा, दो और गानों पर काम काम चल रहा है, जिसमें एक रोमांटिक नंबर भी शामिल है। सिकंदर के बाकी गाने जनवरी में शूट किए जाएंगे।

### अगले साल ईद पर रिलीज होगी फिल्म

सिकंदर सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस की पहली फिल्म है। दोनों मिलकर एक एक्शन ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और काजल अग्रवाल भी हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2024 में मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म में अभिनेता शरमन जोशी भी हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है, जिसकी शूटिंग दिसंबर 2024 तक पूरी करने की योजना है। सिकंदर को खत्म करने के बाद सलमान खान जनवरी या फरवरी 2025 के आसपास एटली के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए तैयार हैं।

# अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने डब्ल्यूएसकेएल 2025 को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने आधिकारिक तौर पर विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन की अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी एसोसिएशन मिलकर करने जा रहा है। आईकेएफ ने डब्ल्यूएसकेएल की आयोजक संस्था एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को एक बधाई देते हुए एक नोट जारी किया, जिसमें कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दृष्टिकोण की सराहना की गई है। उन्होंने कहा, कबड्डी लीग शुरू करना छोटी बात नहीं है, इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता है, बल्कि इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने के लिए असाधारण कौशल और प्रतिबद्धता भी बेहद जरूरी है।उन्होंने आगे कहा, आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कबड्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डब्लूएसकेएल में आईकेएफ सदस्य देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे। मैदान पर आने से पहले खिलाड़ियों की नीलामी की जाएगी, जिससे न केवल खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनको प्रोत्साहन मिलने के साथ ही लीग को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त टूनार्मेंट का दर्जा भी प्राप्त होगा। दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी फेडरेशन (एसईएकेएफ) ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को 15 साल की अवधि के लिए डब्लूएसकेएल आयोजित करने का पूर्ण और विशेष अधिकार प्रदान किया है, ताकि लीग के विकास और सफलता के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।इसके अतिरिक्त, थाईलैंड कबड्डी एसोसिएशन ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को ₹लीग के एक मात्र और विशिष्ट निमार्ता, संकल्पनाकर्ता और अधिकारधारकर₹ के रूप में भी समर्थन दिया है। 1एक्स स्पोर्ट्स डब्लूएसकेएल और लीग से संबंधित सभी ऑपरेशन का प्रबंधन

## पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन

**लाहौर :** पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन हो गया है। नजीर जूनियर के नाम से मशहूर नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार वनडे मैच खेले। उन्हें सबसे ज्यादा याद अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में की गई शानदार पारी के लिए किया जाता है। कराची में एक ऐसी पिच पर खेलते हुए जो शुरू से ही स्पिन लेती थी, नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर 7 विकेट चटकाए। इसके अलावा, उन्होंने बल्ले से नाबाद 29 रन बनाए और दूसरी पारी में भी 17 रन बनाकर नाबाद रहे। टेस्ट मैच ड्रॉ रहा, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मैच साबित हुआ, क्योंकि यह महान हनीफ मोहम्मद का आखिरी टेस्ट था, और उनके छोटे भाई सादिक का पहला। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, ₹पीसीबी की ओर से मैं हमारे पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद नजीर के निधन पर अपनी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं।

**पर्थ टेस्ट :** भारत की खराब शुरूआत, पहले दिन लंच तक 51 रन पर खोए 4 विकेट

# विवादास्पद फैसले का शिकार बने केएल राहुल

एजेंसी

**पर्थ :** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारत की शुरूआत खराब रही। भारतीय टीम ने पहले दिन लंच तक केवल 51 रनों पर अपने चार विकेट खो दिये। ऋषभ पंत 10 और ध्रुव जुरेल 4 रन बनाकर खेल रहे हैं। इस मैच में भारतीय कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह मे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरूआत खराब रही और तीसरे ही ओवर में मिचेल स्टॉर्क ने केवल 5 रन के कुल स्कोर पर यशस्वी जयसवाल (00) को पवेलियन भेज दिया। 14 के कुल स्कोर पर जोश हेजलवुड ने देवदत्त पडिकल को चलता कर भारत को दूसरा झटका दिया। पडिकल भा खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली कुछ खास नहीं कर सके और केवल 5 रन बनाकर हेजलवुड का दूसरा शिकार बने।



विवादास्पद फैसले का शिकार बने केएल राहुल

47 के कुल स्कोर पर एक तरफ संभलकर खेल रहे राहुल तीसरे अंपायर के विवादास्पद फैसले का शिकार बने। दरअसल मिचेल स्टॉर्क की गेंद जब राहुल के बैट के पास से गुजरी तो उनका बैट पैड से भी टकराया, अपील होने पर मैदानी अंपायर ने नॉट आउट दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने रिव्यू लिया। रिव्यू में अंपायर ने जिस एंगल का प्रयोग किया, वह साफ नहीं था, बावजूद इसके थर्ड अंपायर ने जल्दी से राहुल को आउट करार दे दिया, जिसके बाद राहुल फैसले से नाराज दिखे, वहीं कमेंटरी कर रहे संजय मांजरेकर और वसीम अकरम भी इस फैसले से नाखुश दिखे। राहुल ने 26 रन बनाए। इसके बाद पंत और जुरेल ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। बता दें कि इस मैच में भारत के लिए हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी पदार्पण कर रहे हैं। हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को क्रमशः अश्विन और विराट कोहली ने उनकी पहली टेस्ट कैप प्रदान की।

# ठाणे में 18 विस क्षेत्रों में चुनाव के लिए मतगणना प्रक्रिया की तैयारी

एजेंसी

**मुंबई :** विधानसभा आम चुनाव 2024 की मतदान प्रक्रिया 20 नवंबर को सुचारू रूप से संपन्न हुई और ठाणे जिला प्रशासन मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से सजग और तैयार है। ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना प्रक्रिया प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में होगी। ठाणे कलेक्टर एवं जिला चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अशोक शिंगारे ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं आवश्यक जनशक्ति के मार्गदर्शन में की जाएगी और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 134 भिवंडी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की मतगणना फरहान खान हॉल, मिल्लत नगर, ममता अस्पताल के पीछे, पहली मंजिल, भिवंडी में होगी। 135 शाहपुर ए.जे. विधानसभा क्षेत्र की गिनती डॉ. शिवाजीराव जोंधले कॉलेज, आसनगांव, शाहपुर में, 136 भिवंडी पश्चिम



विधानसभा क्षेत्र की गिनती वरहलदेवी मंगमाता भवन हॉल, कामतघर, भिवंडी में, 137 भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र की गिनती श्री संपदा सीताराम नाइक, मंगल भवन, प्रथम तल पर , भादवड, भिवंडी में, 138 कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की गिनती मुंबई विश्वविद्यालय उप-केंद्र, ग्राउंड फ्लोर, वसंत वैली रोड, वृन्दावन पैराडाइज, गांधारनगर, खडकपाड़ा, कल्याण पश्चिम, 139 मुरबाड विधानसभा क्षेत्र की गिनती कृषि उत्पादन बाजार समिति गोदाम, मुरबाड, 140 अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र की गिनती महात्मा गांधी विद्यालय और ताई कोलकर जूनियर कॉलेज, के.बी. रोड, अंबरनाथ पी. 141 उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र की वोटों की गिनती नए प्रशासनिक भवन, पवई चौक, हीराघाट, उल्हासनगर 3 में होगी। 142 कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र की गिनती महिला उद्योग केंद्र रॉयल रीजेंसी के पीछे, राजाराम जाधव मार्ग, साईनाथ, विट्ठलवाड़ी स्टेशन के सामने, कल्याण 143 डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र की गिनती आईईएस चंद्रकांत नारायण पाटकर चैरिटेबल ट्रस्ट के पाटकर विद्यालय, राजाजी रोड, डोंबिवली, पूर्व, कल्याण में, 144 कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की गिनती सांवलाराम महाराज म्हात्रे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ग्राउंड फ्लोर, केडीएमसी ग्राउंड, डोंबिवली पूर्व में जलतारन तालाब बिल्डिंग, 145 मीरा-भाईंदर विधानसभा क्षेत्र के लिए वोटों की गिनती ग्राउंड फ्लोर, स्व. प्रमोद महाजन हॉल, चरण 11, गोड्डेओ, भयंदर, पूर्व, 146 ओवला मजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए वोटों की गिनती, न्यू होराइजन स्कॉलर्स स्कूल, पहली मंजिल, आनंदनगर, कावेसर, घोड़बंदर रोड, ठाणे 147 विधानसभा के लिए वागले इस्टेट में तथा ठाणे विधानसभा क्षेत्र 148 के लिए वोटों की गिनती, न्यू होराइजन एजुकेशन सोसायटी, बिल्डिंग सी, हीरानंदानी एस्टेट, रोडास सोसायटी के पास, कोलशेत ठाणे इसी तरह 149 मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र की गिनती श्री मोलाना अबुल कलाम क्रीड़ा संकुल कौसा, मुंब्रा में, 150 ऐरोली विधानसभा क्षेत्र की गिनती सरस्वती विद्यालय सेक्टर 5 ऐरोली नवी मुंबई में और 151 बेलापुर विधानसभा क्षेत्र की गिनती एग्री कोली सांस्कृतिक भवन, सेक्टर 24 नेरुल में होगी। नवी मुंबई यह मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

# बंगाल में निम्न दबाव से बदल सकता है मौसम

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम में बदलाव होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में यह जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि अगले 24 घंटे में कोलकाता में आसमान साफ रहेगा, सुबह के समय हल्की धुंध रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वर्तमान में आद्रता 97 फीसदी तक दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम स्तर 48 फीसदी है। पिछले 24 घंटों में बारिश नहीं हुई है। इस बीच, बंगाल की खाड़ी में 23 नवंबर को एक नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है।



भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह प्रणाली अगले दो दिनों में निम्नदाब में बदल सकती है। इसके चलते बंगाल सहित पड़ोसी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे खासकर दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के पास मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। विभाग का कहना है कि यह दबाव आने वाले दिनों में और तीव्र हो सकता है, जिससे तटीय इलाकों में तेज बारिश के आसार हैं। यह बंगाल के किसानों और आम जनता के लिए सतर्कता का समय है क्योंकि बारिश उनकी दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार से राज्य में मौसम में बदलाव की संभावना है।

## बहन की शादी की तैयारी कर रहा था भाई अचानक सीने में उठा दर्द, हुई मौत

एजेंसी

**जालौन :** जालौन से भी एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर अपनी बहन की शादी को लेकर भाई तैयारी में जुटा हुआ था इस दौरान बीती रात को उसके सीने में अचानक दर्द हुआ। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां पर पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। दरअसल, यह पूरा मामला सिरसा कलार के ग्राम बड़ी मडईया का है। यहां के निवासी कमलेश राजपूत के बेटी की शादी 22 नवम्बर हो होनी थी। लेकिन बीती रात कमलेश राजपूत के बड़े बेटे ओमबाबू राजपूत के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ तो परिवार के लोग उसे इलाज के लिए कुठौंद के सरकारी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां के डॉक्टरों ने ओमबाबू की नाजुक हालत को देखते हुए। उसे मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग उसे उरई के मेडिकल कॉलेज लेकर आये और इमरजेंसी में ओमबाबू को भर्ती कराया जिसे डॉक्टरों ने देखते हीं मृत घोषित कर दिया।

**मातम में बदल गई खुशियां, घर से उठनी थी बहन की डोली**

शादी के माहौल में चारों तरफ खुशियां नजर आ रही थी हर तरफ संगीत सुनाई दे रहा था। 22 नवंबर को बारात भी आनी थी। भाई भी अपनी बहन की शादी को लेकर बहुत खुश था और बड़े ही जोरशोर से तैयारियों में लगा हुआ था। लेकिन शादी की खुशियाँ उस समय मातम में बदल गई। जब बहन खुशबू की शादी के मंडप के दिन भाई की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## बिहार के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव , हाजीपुर की हवा हुई सबसे खराब

**पटना :** बिहार के तापमान में लगातार उतार चढ़ाव जारी है। राज्य के कई जिलों का न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। सर्द पछुआ हवा से शाम ढ़लते ही लोगों को कनकनी महसूस रही है। साथ ही हवा की क्वालिटी भी खराब हो गई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक इन दिनों शाम होते ही हवा की क्वालिटी खराब हो जा रही है। 22 नवम्बर की रात्रि 12 बजे तक हाजीपुर का एक्यूआई-384, बेतिया का 331, राजगीर का 330, मुजफ्फरपुर का 316 और बक्सर का एक्यूआई-304 रिकार्ड किया गया। इन जिलों की हवा रेड जोन यानी खतरनाक श्रेणी में है। इसके अलावा राजधानी पटना का एक्यूआई-237 दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से यह देखी जा रही है कि शाम ढलते ही हवा की क्वालिटी खराब हो जा रही है। हाजीपुर की हवा तो कई दिनों से बेहद खराब स्थिति में है। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा या धुंध छाया रहेगा। दिन में मौसम साफ रहने का पूवार्नुमान जताया गया है। इस दौरान उत्तर बिहार के ज्यादातर जिलों में मध्यम स्तर का कोहरा दिखाई दे रहा है।

## दिव्यांग बच्चों के यूडीआईडी कार्ड बनाने को प्रत्येक ब्लाक में लगेंगे शिविर

एजेंसी

**कानपुर :** योगी सरकार दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और अन्य अन्य लाभ देने के लिए अति गंभीर है। जनपद के सभी विकास खंडों में कैंप लगाने और उनका यूडीआईडी कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को विभागीय योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से जनपद के प्रत्येक विकासखंड में मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएगे। कैम्प में दिव्यांग बच्चों का यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे बच्चों के पंजीकरण सहित आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्टॉल लगाए जाएगें। ग्राम विकास योजना का एक स्टॉल स्वयं सहायता समूह का लगेगा। जन्म प्रमाण पत्र बनाने का एक स्टाल, निवास एवं आय प्रमाण पत्र का एक स्टॉल स्थापित किया जाएगा। इस कैंप में ?चिकित्सा विभाग की पूरी टीम उपस्थित रहेगी। बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक दिव्यांग बच्चों को उनकी सुविधा के अनुसार समस्त योजनाओं से लाभान्वित करना है। योजना के तहत सरसौल विकास खंड में 29 नवम्बर को कैम्प आयोजित किया जाएगा।

# मैट गेट्ज नहीं बनेंगे अमेरिका के अटॉर्नी जनरल, ट्रंप ने अब पैम बॉन्डी का चयन किया

एजेंसी

**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के अटॉर्नी जनरल पद के लिए अब मैट गेट्ज के स्थान पर पैम बॉन्डी का चुनाव किया है। ट्रंप ने एक सप्ताह पहले इस पद के लिए मैट गेट्ज के नाम की घोषणा की थी। पैम साल 2011 से 2019 तक अमेरिका के तीसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल पद पर रही हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति पद



के पहले कार्यकाल के दौरान वह उनकी कैबिनेट में अहम पद पर भी रही हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, मैट गेट्ज ने कल अचानक अटॉर्नी जनरल ने बनने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से उनके जानने वाले अचंभित हो गए। दरअसल गेट्ज यौन दुर्व्यवहार जैसे कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि वह इन आरोपों को निराधार बता रहे हैं। मैट गेट्ज के पीछे हटने के बाद ट्रंप ने पैम के नाम का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके पास व्यापक अनुभव है। उन्होंने फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के रूप में अपराध पर कड़ा रुख अपनाया था। सनद रहे, ट्रंप के प्रति अपनी वफादारी के लिए मैट सुर्खियों में रहे हैं। कैलिफोर्निया पुलिस ने 2017 में उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच की थी। मैट पर 17 साल की नाबालिग से यौन संबंध बनाने के भी आरोप हैं। उन पर पेड सेक्स का आरोप लगा है। ऐसे व्यक्ति को देश के अटॉर्नी जनरल पद के लिए चुने जाने पर विवाद हो रहा था। मैट के खिलाफ लगे सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप पर हाउस एथिक्स कमेटी जांच कर चुकी है।

# सराफा बाजार में लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में तेजी, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोना आज लगातार तीसरे दिन महंगा हुआ है। इस चमकीली धातु की कीमत में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,100 रुपये से लेकर 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये से लेकर 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसमें लिवाल भारी पड़ते हुए नजर आए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.99 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अपोलो हॉस्पिटल, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एचडीएफसी लाइफ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 1.97 प्रतिशत से लेकर 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 4.29 प्रतिशत से लेकर 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,302 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,703 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 599 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 1 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहा था। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 47 शेयर हरे निशान में और 3 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 193.95 अंक की मजबूती के साथ 77,349.74 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में पहले खरीदारी का जोर बनता हुआ नजर आया, वहीं थोड़ी ही देर बाद बिकवालों ने दबाव बना दिया। हालांकि ये बिकवाली भी अधिक देर तक नहीं टिकी। सुबह 10 बजे से थोड़ी देर पहले एक बार फिर खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में, एक्यूआई 371 हुआ दर्ज

**नई दिल्ली :** दिल्ली की वायु गुणवत्ता ₹बहुत खराब₹ श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शुक्रवार सुबह 10 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 371 था। हालांकि दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई अब भी 400 अधिक दर्ज किया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू हैं। आनंद विहार सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक रहा, जहां एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। नजफगढ़ में 357, सोनिया विहार में 401, बवाना में 411, द्वारका सेक्टर 8 में 384, मुंडका में 401और वजीरपुर में 414 एक्यूआई दर्ज किया गया। शादीपुर में भी एक्यूआई 402 दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले सात दिनों तक मध्यम कोहरा और धुंध बने रहने की भविष्यवाणी की है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा ऊपर रहने की उम्मीद है। शुक्रवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले सीजन का सबसे कम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## राजस्थान: रॉन्ग साइड से आ रही कार को डंपर ने मारी टक्कर, कार सवार सभी 5 युवकों की मौत

**उदयपुर :** सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार पर सवार सभी पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि कार में देलवाड़ा राजसमंद निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव जीनगर (23) के अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति सवार था। ये अंबेरी से रॉन्ग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर रफ्तार में था। डंपर के ड्राइवर ने कार को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे जगह नहीं मिली जिससे डंपर की कार से टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इसमें सवार सभी युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुखेर थाने की टीम ने कार से शवों को निकाला। पुलिस का कहना है कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## 25 हजार का इनामी फरार गौ तस्कर मुठभेड़ में घायल

**झांसी :** गौकशी के आरोप में करीब दो वर्ष से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश से देर रात रक्सा थाना पुलिस और स्वाट की सयुंक्त टीम की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस सहित बाइक बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्सा थाना पुलिस और स्वाट टीम फरार इनामिया की तलाश में लगे थे। तभी सूचना मिली एक बदमाश जो गोकशी के आरोप में पुलिस की पकड़ से लंबे समय से फरार चल रहा है। उस पर झांसी पुलिस की ओर से पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित है। कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर स्वाट और रक्सा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को रक्सा के ग्राम आठोंनंदना के जंगलों में तलाश शुरू की। तभी अंधेरे का लाभ उठाकर बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। जबाब में पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में जा लगी और वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी गौकशी के आरोप में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था और इस पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी पशु तस्करी, चोरी, गोकशी के आरोपों में फरार चल रहा था। पूछताछ में आरोपी का नाम रमेश बंजारा निवासी राजस्थान बताया गया है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक बाइक, तमंचा, कारतूस और छह सौ रुपए नकद बरामद कर किए हैं।

## आर्केस्ट्रा के कलाकारों से भरी गाड़ी खड़े ट्रक से टकराई, चालक समेत महिला कलाकार की मौत

**झांसी :** शुक्रवार सुबह तड़के खजुराहो-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंगरा के समीप सड़क पर खड़े ट्रक में इको वैन में जा घुसी। जिससे उसमें सवार एक महिला कलाकार समेत चालक की मौत हो गई। पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सभी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इको वैन क्रमांक यूपी 98 बी जेड 2225 में सवार आरकेस्ट्रा की टीम मऊरानीपुर की ओर से किसी कार्यक्रम से वापस लौट रही थी। आज सुबह करीब छह बजे जैसे ही गाड़ी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उल्दन थाना क्षेत्र स्थित बंगरा चौकी के पास पहुंची। तभी सड़क पर खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 53 एच ए 2275 में जा घुसी। जिससे कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बड़ा भीषण था। घटना की सूचना पर तत्काल उल्दन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फसे सभी लोगों को उपचार के लिए निकाल कर अस्पताल भिजवाया। जहां एक महिला कलाकार और गाड़ी चालक की मौत हो गई। वही एक महिला और चार साथी गंभीर रूप से घायल है, जिनका मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। उल्दन थाना प्रभारी दिनेश कुरील के मुताबिक अभी किसी के नाम की जानकारी नहीं मिली है। हादसे में दो की मौत हो हुई है, पांच की हालत गंभीर बनी है। बताया जा रहा है कि सभी राठ में ऑरकेस्ट्रा के कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर वापस झांसी जा रहे थे। ट्रक से टकराकर वैन बुरी तरह से ट्रक में फंस गई थी, उसे कटर से काटकर निकाला गया। तब जाकर फंसे हुए लोगों को निकाला जा सका।

## रामलला के चेहरे पर सजेगा हीरे का चिबुक

**अयोध्या :** ब्रह्मऋषि बाबरा मिशन की साध्वी ज्ञानेश्वरी बहन के नेतृत्व में मिशन की कई विदेशी साध्वियों व भक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय से भेंट कर राम लला विग्रह की ठोड़ी (ठुड्डी) को सुशोभित करने के लिए उन्हें हीरे का चिबुक समर्पित किया। ट्रस्ट अपनी सुविधानुसार इस चिबुक को रामलला की ठोड़ी पर शोभायमान करेगा।बाबरा मिशन की जबलपुर ग्वारीघाट आश्रम की साध्वी ज्ञानेश्वरी देवी के साथ हरियाणा पंचकूला की जिवेश्वरी देवी, मंडल की साध्वी मनीषानंद, यूके ब्रिटेन की साध्वी सारिका सहित ब्रिटेन के ही भक्तों में सीमा बेदी, सुषमा कुमारी, सतीश कुमार, शमी कुमार, ज्योति, उर्मिला बहन, भूपेंद्र ईश्वर भाई, उषा रानी आदि ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय से उनके आवास पर कारसेवकपुरम स्थित भरतकुटी में मुलाकात की । संत एवं भक्त मंडल ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर अनौपचारिक चर्चा करते हुए श्रीराम लला के विग्रह की ठोड़ी पर चिबुक (ठोड़ी पर सजने वाला आभूषण) शोभायमान करने की अभिलाषा व्यक्त करते हुए साथ लाए हीरे के आभूषण को समर्पित किया। साथ ही कंगन भी सौंपा। साध्वियों की इस अयोध्या यात्रा का संयोजन विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने किया।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ.विजय सिंह गागराई ने बीएसएफ जवान मकरु कोड़ा के परिवार के सदस्यों को बंधाया ढांढस



**चक्रधरपुर :** हजारीबाग के मेरु कैम्प में तैनात बाउरीसाई गांव निवासी मकरु कोड़ा के निधन की सूचना पाकर चक्रधरपुर विधान सभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ.विजय सिंह गागराई ने गुरुवार को बाउरीसाई गांव पहुंचकर बीएसएफ जवान मकरु कोड़ा के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की.इस दौरान डॉ.विजय सिंह गागराई ने बीएसएफ जवान मकरु कोड़ा के निधन पर दुख प्रकट किया.डॉ.विजय सिंह गागराई ने कहा कि बीएसएफ जवान मकरु कोड़ा के आकस्मिक निधन से हर कोई दुखी है,इस दुख की घड़ी में ईश्वर परिजनों को हिम्मत प्रदान करें.इस दौरान उन्होंने बीएसएफ जवान मकरु के पुत्र कुलदीप कोड़ा,संतोष कोड़ा व पुत्री रजनी कुमारी को शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया.मंगलवार सुबह बाउरीसाई गांव निवासी मकरु कोड़ा का हजारीबाग के मेरु कैम्प में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था.इसकी खबर मिलने पर पूरे गांव में शोक की लहर डूब गई थी,वहीं बुधवार देर शाम मृतक जवान के शव को बाउरीसाई गांव लाया गया था,जहां बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने श्रद्धांजलि दी थी.

## बेकाबू ट्रक सड़क किनारे घरों में जा घुसा, चालक की दबकर मौत



**गिरिडीह :** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गांडेय-जामताड़ा मार्ग पर बेलाटांड़ के पास शुक्रवार की अहले सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे स्थित घरों में जा घुसा. हादसे में दो घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक चालक की दबकर मौत हो गई है. घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई.

बताया जाता है कि सीमेंट लोड ट्रक अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे दो घरों में घुस गया. गनीमत यह रही कि हादसे में घर के लोग बाल-बाल बच गए. हालांकि घटना के वक्त लोग घरों में सोए हुए थे. वहीं घटना की सूचना पाकर अहिल्यापुर थाना पुलिस और काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मृत चालक के शव को निकाला.

वहीं घटना के संबंध में अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी. उन्होंने कहा कि घटना के बाद चालक का शव ट्रक के स्टीयरिंग में फंस गया था. जेसीबी के माध्यम से टूटे मकान के मलबे को हटाकर चालक के शव को निकाला गया.

पुलिस ने शव की शिनाख्त धनबाद के भागा निवासी विकास यादव के रूप में की है. उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में मृत चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है. उन्होंने बताया कि ट्रक मालिक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. जानकारी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## मतगणना को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**सरायकेला :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की मतगणना को लेकर गुरुवार को नियुक्त गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण एन.आई.टी जमशेदपुर आदित्यपुर तथा एन. आर. प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला में संपन्न हुआ. बता दें कि 23 नवंबर को मतगणना काशी साहू कॉलेज सरायकेला में होनी है. आज एन.आर प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला में 111 ईवीएम काउंटिंग सुपरवाइजर, 115 ईवीएम काउंटिंग असिस्टेंट, 56 पोस्टल काउंटिंग असिस्टेंट एवं 26 पोस्टल सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया. जबकि एनआईटी जमशेदपुर-आदित्यपुर में 128 ईवीएम माइक्रो ऑब्जर्वर तथा 26 माइक्रो आब्जर्वर को अलग-अलग पालियों मे प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीनों से होने वाली मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्?तार से जानकारी दी गई. साथ ही मतगणना संबंधी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों, नियमों एवं सुरक्षा के बारे में बताया गया. प्रशिक्षण में उपस्थित गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों की शंकाओं एवं प्रश?नों का समाधान भी किया गया.

## राणी सती मंदिर में मंगसिर नवमी को चढ़ेंगे चांदी के हाथ

**चांडिल :** राणी सती मंदिर प्रांगण चांडिल में गुरुवार को राणी सती महिला मंडल की बैठक हुई. बैठक में आगामी दो दिवस मंगसीर नवमी धूमधाम से मानने का निर्णय लिया गया. मंगसीर नवमी महोत्सव में शनिवार 23 नवंबर को तीन बजे दादी की पोशाक चढ़ाई जाएगी. उसके बाद चांदी का हाथ मेहंदी अभिषेक के बाद दादी का मंडप में रखा जाएगा. महोत्सव के दूसरे दिन रविवार 24 नवंबर को सुबह आठ बजे आरती और दोपहर एक बजे से मंगल पाठ किया जाएगा. मंगल पाठ वाचिक के रूप में सोमी चौधरी को आमंत्रित किया गया है. मंगलपाठ के बाद सभी के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा. बैठक में आशा पसारी, सुनीता पसारी, निधि अग्रवाल, सरोज जालान, निशु पसारी, खुशबु चौधरी, रेणू पसारी, सीमा पसारी, सरिता भौतिका, शिखा पसारी, प्रवीणा पसारी आदि महिलाएं उपस्थित थी.

## माताजी आश्रम हाता में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित, 104 लोगों की जांच

जमशेदपुर : माताजी आश्रम हाता में आज बृहस्पतिवार को रामकृष्ण मिशन जमशेदपुर तथा पूर्णिमा नेत्रालय जमशेदपुर की ओर से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया. शिविर में 104 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ जिसमें 78 का मोतियाबिंद ऑपरेशन को लेकर चयन किया गया. उक?त सभी मरीजों का आगामी 29 नवंबर को पूर्णिमा नेत्रालय जमशेदपुर में निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा. इसके पूर्व 28 नवंबर को 12 बजे माताजी आश्रम से रामकृष्ण मिशन जमशेदपुर के तत्वावधान से मरीजों को पूर्णिमा नेत्रालय भेजा जाएगा.

शिविर को सफल बनाने में पूर्णिमा नेत्रालय की ओर से डॉक्टर श्याम सुंदर व सिस्टर चंपा, रामकृष्ण मिशन की ओर से पशुपति महतो और फटिक चंद्र महतो एवं माताजी आश्रम की ओर से सुनील कुमार दे, तपन मंडल, शंकर चंद्र गोप, बलराम गोप, कृष्ण पद मंडल, मोनी पाल, निताई महाकुड़, स्वपन दे, सुधांशु मिश्र, रघु नंदन बनर्जी, लोचना मंडल, दुलाल मुखर्जी,विश्वामित्र खंडायत, रविंद्र नाथ दास, प्रशांत मंडल, तपन कुमार मंडल आदि का अहम योगदान रहा.

# गुमला के घाघरा में अपराधियों का आतंक, गाड़ियों को किया आग के हवाले

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला:** जिले के घाघरा प्रखंड में बेखौफ हो रहे अपराधियों से पुलिस की पेट्रोलिंग पर लोग सवाल उठाने लगे हैं. गुरुवार की मध्यरात्रि को चपका और रनहे गांव में अपराधियों ने दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया, जिसके कारण गांव के लोगों में आक्रोश है.

चपका में गुमला-एनएच से कुछ दूरी पर महेश साहू के घर के बाहर खड़ी कार में अपराधियों ने पुआल के सहारे आग लगा दी. रात 12:30 बजे टायर ब्लास्ट की आवाज सुनकर महेश साहू जागे और आग बुझाने का प्रयास किया.

दूसरी घटना रनहे गांव की है, जहां बोलेरो और ट्रैक्टर को पुआल और डीजल के सहारे आग के हवाले कर दिया गया. बोलेरो गुमला निवासी चंदन गुप्ता की है, जो एक निजी कंपनी में भाड़े पर चलती है. इसे ट्रैक्टर मालिक जगेश गोप के पुत्र अरविंद गोप चलाते थे. दोनों गाड़ियां जोगेश के घर के बाहर खड़ी थीं. गुरुवार शाम इस को आग के हवाले कर दिया गया, टायर ब्लास्ट की आवाज सुनकर घरवालों ने बालू और पानी से आग बुझाने का प्रयास किया. हालांकि, बोलेरो और ट्रैक्टर दोनों ही बुरी तरह जल गए.



घटना स्थल से एक पर्ची भी मिली है, जिसमें लिखा गया है, घटना के जिम्मेदार हम हैं. पर्ची पर संजू उर्फ मंजू का नाम और एक मोबाइल नंबर भी दर्ज है. ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो घरों तक आग फैलने का खतरा था. इन घटनाओं ने पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं और ग्रामीणों में भय और गुस्से का माहौल है. फिलहाल मामले की जांच शुरू हो चुकी है. मौके पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव पहुंचे और छानबीन कर रहे हैं. उन्होंने कहा की इसके पीछे के कारण का खुलासा जल्द हो जाएगा. फिलहाल पुलिस ने इस पूरे मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है.

## भारथी कॉलेज में फ्रेशर डे का आयोजन नवप्रवेशित छात्रों ने दिखाया जोश और प्रतिभा




मेट्रो रेज संवाददाता

**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कंदरी, मांडर के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भव्य फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर, और शैक्षणिक सचिव डॉ. दीपाली पराशर थीं। इनके साथ डॉ. उपेंद्र उपाध्याय और प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षण और प्रशासनिक सदस्य मौजूद रहे।

प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें और निरंतर आत्ममूल्यांकन करते हुए आगे बढ़ें। साथ ही, उन्होंने बड़े सपने देखने और सफलता के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की सलाह दी।

छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल जोश और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर का खिताब भी दिया गया। बी.एससी नर्सिंग के नेहा रागिनी कुमारी और नीतिन कुमार तथा जी.एन.एम के बबली लकड़ा और अंकित जोसेफ खलखो को क्रमशः इस खिताब से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार और मंतसा परवीन ने बेहतरीन तरीके से किया। मौके पर व्याख्याताओं में अजेला गाड़ी, गोपाल तिर्की, दीपा कौड़यार, पूनम मिंज, प्रतिमा कुजूर, क्रिस्टिना किस्कू, सुषमा कुमारी, एम.डी. अफरोज, चिरंजीव कुमार, प्रीतम कुमार सिन्हा, अर्पणा कुमारी, शशिभूषण, मनीषा कुमारी, और तुलसी दास सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

इस आयोजन ने न केवल नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया बल्कि उन्हें एकजुट होकर अपने भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा भी दी।

## गाय आधारित कृषि पर एनआईटी में एक दिवसीय वार्ता आयोजित

मेट्रो रेज संवाददाता

**सरायकेला :** भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र (आईकेएस), एनआईटी जमशेदपुर ने 21 नवंबर 2024 को गाय आधारित कृषि के साथ प्राचीन भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय आमंत्रित वार्ता का आयोजन किया. जिसकी शुरूआत आमंत्रित अतिथि केई एन राघवन के स्वागत के साथ हुई. संस्थान के उप निदेशक प्रोफेसर राम विनॉय शर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और सतत विकास की दिशा में आधुनिक कृषि के महत्व की जानकारी दी. प्रोफेसर शैलेन्द्र ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया.

अपने संबोधन में श्री राघवन ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने के ऐतिहासिक आधार और ग्रामीण विकास के आत्मनिर्भर मॉडल को समझाया. उन्होंने गाय आधारित खेती की आवश्यकता और महत्व तथा ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर समुदाय में इसके योगदान पर जोर दिया. श्री राघवन ने जैविक खाद और अन्य जैविक तकनीकों के माध्यम से जैविक खेती को समझाया और प्रदर्शित किया जो कम लागत में मानव स्वास्थ्य पर बेहतर प्रभाव डालती है. उन्होंने कृषि की पारंपरिक प्रणाली को विस्तार से समझाया जो स्वरोजगार और ग्राम विकास में योगदान करती है.

कार्यालय का समापन डॉ. मनीष कुमार झा, संयोजक आईकेएस के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों सहित लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया. छात्रों को गाय आधारित कृषि की जानकारी और ग्रामीण विकास और गांव की आत्मनिर्रता में इसके महत्व और लाभ को समझाया गया.

## मतगणना के दिन सिमडेगा में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**सिमडेगा:** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 23 नवंबर को सिमडेगा कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में होगी. 23 नवंबर को मतगणना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सिमडेगा कॉलेज रूट में आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया है. सिमडेगा जिला प्रशासन ने मतगणना के दिन बाजारटांड़ की तरफ से सिमडेगा कॉलेज जाने वाली सड़क को आम लोगों के वाहन के लिए निषेध किया है. इस रूट से सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का सिमडेगा कॉलेज तक परिचालन होगा. जिले के आम लोग सीधे एनएच के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे. इसी तरह भट्ठी टोली सिमडेगा कॉलेज मोड़ के पास एनएच से सिमडेगा कॉलेज तक सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा. मतरामेटा की तरफ से कोढ़ी चौक के पास से कॉलेज तक आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. आम लोग खैरन टोली या टुकूपानी की तरफ से एनएच का उपयोग करेंगे.

सिमडेगा कॉलेज के पूर्व की तरफ गेट नंबर 1 से सिर्फ विशिष्ट अधिकारियों का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा और गेट के बाईं तरफ इन वाहनों की पार्किंग होगी. सिमडेगा कॉलेज के पश्चिम-दक्षिण की तरफ गेट नंबर 2 से केवल उम्मीदवार, चुनाव संबंधित कर्मी और मीडियाकर्मी का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा. इन वाहनों की पार्किंग गेट की बाईं तरफ होगी.

## कोडरमा मे मतगणना की तैयारी पूरी, सीसीटीवी कैमरे और अर्धसैनिक बलों की निगरानी में बज्रगृह

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा:** जिले में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को कोडरमा के बागीटांड़ स्थित माइनिंग कॉलेज में की जाएगी. कोडरमा के माइनिंग कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं. आपको बता दें कि स्ट्रांग रूम के पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है, वहीं किसी गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ता भी 24 घंटे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे हुए हैं.



23 नवंबर को सुबह 8 बजे से कोडरमा के माइनिंग कॉलेज में मतगणना की जाएगी, जहां सबसे पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती की जाएगी, उसके बाद ईवीएम से वोटों की गिनती की जाएगी. कोडरमा के माइनिंग कॉलेज में 22 टेबल लगाए गए हैं जहां 21 राउंड में वोटों की गिनती की जाएगी, 20 टेबल पर एवीएम से मतगणना की जाएगी जबकि 2 टेबल पर पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी.

कोडरमा के बागीटांड़ स्थित माइनिंग कॉलेज में होने वाली मतगणना के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. माइनिंग कॉलेज में अस्थाई टेंट लगाया गया है जहां मीडिया सेंटर और प्रत्याशियों के बैठने की व्यवस्था की गई है. साथ ही पूरे माइनिंग कॉलेज की बैरिकेडिंग की गई है जहां मतगणना एजेंट और प्रत्याशियों के प्रवेश के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं. गौरतलब है कि कोडरमा में सभी को 23 नवंबर का इंतजार है जब पता चलेगा कि किस प्रत्याशी की जीत हुई और किस प्रत्याशी को कोडरमा की जनता ने नकार दिया. इसके साथ ही प्रत्याशियों की धड़कनें भी बढ़ती जा रही हैं.

## चक्रधरपुर पंचमोड़ स्थित साईं मंदिर में साईं बाबा की 99वे जन्मउत्सव मनाया जायेगा

### भक्तजनों और श्रद्धालुओं में है विशेष उत्साह

मेट्रो रेज संवाददाता

**चक्रधरपुर।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन चक्रधरपुर समिति पश्चिम सिंहभूम चाईबासा झारखण्ड के द्वारा भगवान श्री सत्य साईं बाबा का 99वे जन्मउत्सव 23 नवम्बर को हर्षोल्लास और विशेष उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इसकी तैयारी भी प्रारंभ कर दी गयी है। पंचमोड़ स्थित श्री सत्य साईं बाबा मंदिर प्रांगण में यह महाउत्सव मनाया जायेगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री सत्य साईं बाबा का जन्म दिन काफी धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है जो निम्नप्रकार है:- (1) ओंकराम नगरसंकीर्तन सुप्रभातम, समय-सुबह 5 बजकर 10 मिनट से 6 बजकर 15 मिनट तक, (2) श्री सत्यनारायण कथा, समय-सुबह 9 बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 30 मिनट तक, (3) विशेष भजन, समय-सुबह 11 बजकर 45 मिनट से 12 बजकर 45 मिनट तक, (4) विशेष नारायण सेवा, समय-दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक, (5) नए वस्त्र का वितरण, समय-दोपहर 2 बजे से 2 बजकर 30 मिनट तक, (6) भजन तत्पश्चात महामंगल आरती, समय-संध्या 7 बजे से 8 बजकर 30 मिनट तक, (7) आतिशबाजी, समय-रात्री 8 बजकर 30 मिनट से 8 बजकर 45 मिनट तक आयोजित है। इस संदर्भ में श्री सत्य साईं संगठन के प्रशांति साहा ने कहा है कि उक्त तिथि को इस स्थल पर ज्यादा से ज्यादा भक्तजन श्रद्धालु और शहरवासी उपस्थित होकर बाबा के पूजा अर्चना में अवश्य शामिल हो।





